


बालाघाट म.प्र. से प्रकाशित एवं बालाघाट, सिवनी (म.प्र.) एवं गोंदिया भंडारा (महा.) में एक साथ प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 01 मई 2026 | दिन - शुक्रवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 93 | मूल्य - 5 रुपये









### जबलपुर के बरगी बांध में दुखद हादसा

## क्रूज पलटने से 4 लोगों की मौत, 15 को बचाया लेकिन 10 अभी भी लापता



जबलपुर, (भाषा)।

***मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले में अचानक आई आंधी के कारण 29 लोगों को लेकर जा रहा एक क्रूज बरगी बांध में पलट गया, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई जबकि 15 अन्य को बचा लिया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।***

बरगी शहर के पुलिस अधीक्षक (सीएसपी) अंजुल मिश्रा ने बताया कि बरगी बांध में क्रूज के लिए कुल 29 टिकट जारी किए गए थे। इस दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई, 15 को सुरक्षित बचा लिया गया है जबकि 10 लोग अब भी लापता हैं। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। बरगी बांध का निर्माण जबलपुर जिले में नर्मदा नदी पर किया गया है। मिश्रा ने बताया कि लापता लोगों की तलाश में अभियान युद्ध स्तर पर जारी है। उन्होंने कहा कि जबलपुर के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक, एसडीआरएफ और अन्य बचाव दल घटनास्थल पर मौजूद हैं और राहत एवं बचाव अभियान जारी है। यादव ने कहा कि आज भीषण तूफान के कारण जबलपुर के बरगी बांध पर हुई दर्दनाक क्रूज दुर्घटना के बाद स्थानीय प्रशासन और बचाव दल अपना अभियान जारी रखे हुए हैं। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, संभागीय एसीएस, एडीजी और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को बचाव अभियान की निगरानी के लिए घटनास्थल पर पहुंचने का निर्देश दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि त्वरित बचाव अभियान के माध्यम से 15 नागरिकों को सुरक्षित बचा लिया गया। उन्होंने कहा कि लापता लोगों का जल्द से जल्द पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में राज्य सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ प्रभावित परिवारों के साथ है और हर संभव सहायता सुनिश्चित कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा, ''मृतकों के परिजनों को राज्य शासन की ओर से चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं।''

मध्यप्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता उमंग सिंघार ने कहा कि जबलपुर के बरगी बांध में क्रूज दुर्घटना की खबर बेहद दुखद और दिल दहला देने वाली है। उन्होंने इस दुर्घटना में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने प्रशासन से बचाव कार्यों में तेजी लाने और घायलों को हर संभव उपचार प्रदान करने का अनुरोध किया। सिंघार ने मांग की कि राज्य सरकार तुरंत मृतकों के परिवारों को पर्याप्त मुआवजा और हर संभव सहायता प्रदान करे।







## दुष्कर्म पीड़िताओं की गर्भावस्था समाप्त करने संबंधी कानून में संशोधन पर विचार करे केंद्र : न्यायालय

**नई दिल्ली, (भाषा)।**

उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि किसी नाबालिग लड़की को गर्भावस्था जारी रखने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। साथ ही न्यायालय ने केंद्र सरकार से बलात्कार पीड़िताओं को 20 सप्ताह से अधिक अवधि के बाद भी अनचाहे गर्भ को समाप्त करने की अनुमति देने के लिए कानून में संशोधन करने को कहा।

नाबालिग समेत बलात्कार पीड़िताओं और अपने शरीर पर उनके अधिकार के मुद्दे पर दूरगामी असर डालने वाले फैसले में भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की याचिका पर कड़ी आपत्ति जतायी। एम्स ने इस याचिका में उच्चतम न्यायालय के उस आदेश को रद्द करने का अनुरोध किया है जिसमें 15 साल की लड़की को अपनी 30 हफ्ते की गर्भावस्था को चिकित्सकीय रूप से समाप्त करने की अनुमति दी गई थी।

न्यायालय ने भावुक टिप्पणी की कि यह बच्ची से दुष्कर्म का मामला है और यदि गर्भपात की अनुमति नहीं दी जाती है, तो पीड़िता को जीवन भर के लिए मानसिक आघात और पीड़ा झेलनी पड़ेगी। उसने कहा कि यदि मां को स्थायी विकलांगता का खतरा नहीं है, तो गर्भपात किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा, ''यह एक उपचारात्मक याचिका है। किसी पर अनचाहा गर्भ नहीं थोपा जा सकता। सोचिए कि वह एक बच्ची है, जिसे इस समय पढ़ाई करनी चाहिए, लेकिन हम उसे मां बनाना चाहते हैं। उसने जो पीड़ा और अपमान सहा है, उसकी कल्पना कीजिए।'' साथ ही न्यायालय ने एम्स को निर्देश दिया कि वह पीड़िता के माता-पिता को इस मामले में परामर्श दे और स्पष्ट किया कि अंतिम निर्णय संबंधित व्यक्ति का ही होना चाहिए। पीठ ने कहा, ''देश में गोद लेने के लिए बहुत से बच्चे हैं। हमारे यहां सहानुभूति की कमी नहीं हैज... सड़कों पर कई परित्यक्त और लावारिस बच्चे हैं, यहां तक कि इस पर माफिया भी सक्रिय हैं। हमें इस पर भी ध्यान देना चाहिए। यह 15 साल की लड़की का अनचाहा गर्भ है।'' सुनवाई के दौरान एम्स के एक चिकित्सक ने न्यायालय से कहा कि यह ''बच्चे बनाम भ्रूण'' का मामला नहीं, बल्कि ''बच्चे बनाम बच्चे' का मामला है। एम्स की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि गर्भ समापन संभव नहीं है।

उन्होंने कहा, ''बच्चा जीवित जन्म ले सकता है, जिसमें गंभीर विकृतियां होंगी। नाबालिग मां को जीवनभर स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं तथा वह भविष्य में मां नहीं बन पाएगी।... इस बच्चे को गोद दिया जा सकता है। अब 30 सप्ताह हो चुके हैं। अब बच्चा जीवन जीने की स्थिति में है।'' भाटी ने किशोरी और उसके माता-पिता की काउंसलिंग के लिए अदालत से अनुमति भी मांगी। इस पर न्यायमूर्ति बागची ने कहा, ''आपको किसने रोका है? आपका 'राष्ट्र के अभिभावक' वाला दृष्टिकोण क्या है? अपने नागरिकों का सम्मान करें। माता-पिता के सामने तथ्य रखें और अगर वे इसे जारी रखना चाहते हैं, तो रहने दें।''

उन्होंने कहा, ''लेकिन अगर उन्हें लगता है कि मानसिक स्वास्थ्य खतरे में है, तो वे स्वयं निर्णय लेंगे। कृपया अपनी उपचारात्मक याचिका पर जोर न दें। वास्तविक निर्णय माता-पिता का होना चाहिए। राज्य और उसके नागरिकों के बीच टकराव न लाएं। एक मनोचिकित्सक और काउंसलर को शामिल करें। जो लोग निर्णय लेने में सक्षम हैं, उनके लिए हम निर्णय न लें।'' न्यायाधीश ने कहा कि नागरिकों के लिए निर्णय लेना एम्स का काम नहीं है, वह केवल चिकित्सीय सेवाएं प्रदान कर सकता है।

उच्चतम न्यायालय ने कहा कि गर्भसमापन का फैसला पीड़िता और उसके माता-पिता की मर्जी पर निर्भर करेगा और एम्स उन्हें सोच-समझकर फैसला लेने में मदद कर सकता है। पीठ ने कहा, ''बच्ची और उसके माता-पिता को सब कुछ समझाइए। उसके बाद यदि वे अपना विचार बदलना चाहें, तो हम देखेंगे।'' न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने पिछले सप्ताह कहा था कि मां बनने वाली महिला की प्रजनन स्वायत्तता को सर्वोच्च महत्व दिया जाना चाहिए।



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

जग प्रेरणा
जिला सिवनी
● अरी ● गंगेरुआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी




# अवैध शराब की तस्करी कर रहे एक आरोपी को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार..

## 110 पाव देशी मदिरा सहित एक स्कूटी जप्त..



जगप्रेरणा सिवनी।

***पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त है जिनके नेतृत्व में समय समय पर कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध शराब की खरीदी विक्री करने वालो पर***

कार्यवाही की जाती रही हैं, इसी क्रम में एडिशनल एस.पी. दीपक मिश्रा एवं एस.डी.ओ.पी. सचिन परते के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अवैध शराब की तस्करी कर रहे एक व्यक्ति को धर दबोचने में सफलता हासिल की।

विगत रात्रि को पुलिस पेट्रोलिंग दौरान दिनांक 28/04/2026 के रात्री 22.00 बजे सूचना प्राप्त होने पर ढिमरी मोहल्ला मठमंदिर रोड के किनारे एक व्यक्ति बिना नम्बर की एक्टिवा गाडी में सफेद बोरी में अबैध रुप से देशी एंव विदेशी शराब रखा है, की सूचना प्राप्त होने पर थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश तिवारी द्वारा तत्काल थाना स्तर पर टीम गठित कर रेड कार्यवाही किया जो अविलम्ब ढिमरी मोहल्ला से मठ मंदिर रोड पर रोड के किनारे बिना नम्बर की स्कूटी चालक व्यक्ति गाडी लेकर खडा मिला जो सामने एक्टिवा मे सफेद रंग की प्लास्टिक की बोरी में कुछ रखे हुए था जिसका नाम पूछने पर लूधरवाडा शराब दुकान के सामने पहुंचकर घेराबंदी कर सफेद रंग की एक्टिवा को चैक करने पर शुभम तिवारी पिता परसराम तिवासी उम्र 31 साल निवासी शिवमंदिर के पास मंगलीपेठ सिवनी का होना बताया जो गाडी मे रखी प्लास्टिक की बोरी खोलकर चैक करने पर बोरी में 110 पाव मदिरा प्लेन रखे हुए था जो शराब रखने के संबंध में दस्तावेज पूछने पर कोई दस्तावेज का नहीं होना बताया। शुभम तिवारी व्दारा अवैध लाभ अर्जित करने की नियत से अवैध रुप से मदिरा का एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाना बताया जिससे आरोपी शुभम तिवारी पिता परसराम तिवासी उम्र 27 साल निवासी शिवमंदिर के पास मंगलीपेठ सिवनी के पास से 110 पाव देशी मदिरा कीमती 10000/- एंव एक बिना नम्बर की एक्टिवा जप्त कर आरोपी की विधिवत् गिरफ़्तारी कर धारा 34(ए) आबकारी एक्ट का होने से अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

पूछताछ पर मालूम पड़ा उक्त माल गंज में किसी व्यक्ति को देने जा रहा था जो और जानकारी प्राप्त की जा रही है। **गिरफ़्तार आरोपी-** शुभम तिवारी पिता परसराम तिवासी उम्र 27 साल निवासी शिवमंदिर के पास मंगलीपेठ सिवनी। **कुल जप्ती** -110 पाव देशी मदिरा कीमती 10000/- एंव एक बिना नम्बर की एक्टिवा जप्त।

### विशेष भूमिका..

थाना प्रभारी कोतवाली सतीश तिवारी, उपनिरी राजेश शर्मा आर. मुकैश चौरिया राजेश ठाकुर की सराहनीय भूमिका रही।

# मध्य प्रदेश मुस्लिम विकास परिषद ने वक्फ संपत्तियों के पारदर्शी प्रबंधन एवं निर्वाचन प्रक्रिया की उठाई मांग



जगप्रेरणा सिवनी।

***मध्य प्रदेश मुस्लिम विकास परिषद ने प्रदेश की समस्त वक्फ संपत्तियों मस्जिद, दरगाह, कब्रिस्तान आदि के प्रबंधन को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त***

करते हुए पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की मंत्री श्रीमती कृष्णा गौड़ को ज्ञापन सौंपा है। परिषद ने वक्फ अधिनियम एवं पूर्व में हुए सर्वेक्षण की रिपोर्ट के आधार पर मुतवल्ली एवं मुतवल्ली समितियों के गठन को विधिसम्मत एवं पारदर्शी बनाने की मांग की है।

परिषद के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट मोहम्मद माहिर की उपस्थिति मे प्रदेश महामंत्री शोएब राजा ने बताया कि लगभग 40 वर्ष पूर्व प्रदेश में वक्फ संपत्तियों का सर्वेक्षण कराया गया था, जिसकी रिपोर्ट राज्य शासन एवं वक्फबोर्ड को प्रस्तुत की जा चुकी है तथा राजपत्र में प्रकाशन भी हो चुका है। इस रिपोर्ट में वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन, मुतवल्ली नियुक्ति एवं समिति गठन की प्रक्रिया स्पष्ट रूप से निर्धारित है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले कई दशकों से वक्फ अधिनियम एवं सर्वेक्षण रिपोर्ट के प्रावधानों की अनदेखी की जा रही है। विभिन्न समयों में गठित वक्फबोर्डों द्वारा राजनीतिक हस्तक्षेप के चलते नियमों के विरुद्ध मुतवल्ली एवं समितियों की नियुक्तियां की जाती रही हैं, जिससे पारदर्शिता की कमी, स्थानीय समुदाय की उपेक्षा तथा वक्फसंपत्तियों के दुरुपयोग की शिकायतें बढ़ी हैं।

मध्य प्रदेश मुस्लिम विकास परिषद ने मांग की है कि प्रदेश के सभी वक्फों में मुतवल्ली एवं समितियों का गठन सर्वेक्षण रिपोर्ट एवं वक्फ अधिनियम के अनुसार केवल निर्वाचन प्रक्रिया के माध्यम से कराया जाए। जहां पारंपरिक रूप से स्थानीय समाज, जमात या ग्रामवासियों द्वारा चयन की व्यवस्था है, वहां लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव सुनिश्चित किया जाए।

परिषद ने यह भी कहा कि वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता, जवाबदेही और स्थानीय समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों एवं जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्यवाही की जाए।

परिषद के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट मोहम्मद माहिर एवं महामंत्री शोएब राजा खान ने कहा कि यदि शीघ्र उचित कार्रवाई नहीं की गई तो समाज के हित में आगे व्यापक आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी इस अवसर पर परिषद के प्रदेश महामंत्री नसीमुद्दीन खान भोपाल एंव कार्यालय सचिव शमीम हयात भोपाल एवं अन्य पदाधिकारीगण की गरिमामय उपस्थित रही।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें मो. 9329033433

# गेहूं चोरी करने वाले दो चोरो को किया डुण्डासिवनी पुलिस ने गिरफ्तार..

## 50 हजार का मशरुका जप्त..

जगप्रेरणा डुण्डासिवनी।

***पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता व्दारा चोरी की घटनाओ पर अंकुश लगाने हेतु तत्परता से कार्यवाही हेतु निर्देशित किया जाता रहा है साथ ही अपराधियो के विरुध्द भी सख्ती से कार्यवाही हेतू प्रयत्नशील रहते है।***

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अनु. अधिकारी (पुलिस) सिवनी सचिन परते के मार्गदर्शन में उक्त सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुये पूर्व में भी सक्रियता से कार्यवाही की जाती रही है। दिनाँक 27.04.2026 को प्रार्थी हरीराम भलावी पिता आमान सिंह भलावी निवासी ग्राम सेलुवा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि अपने घर के बाहर आंगन मे रखी गेहूं की बोरीयों मे से कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा चुरा लिये है जिसकी रिपोर्ट पर अपराध पंजीबध्द क्रमांक 207/2026 धारा 303(1) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी चैनसिंह उड़के द्वारा आरोपियो की तलाश पतासजी हेतु थाना स्तर पर टीम गठित की जाकर आरोपीयो की धरपकड हेतु क्षेत्र मे टीम रवाना की गई। डुण्डासिवनी पुलिस व्दारा तत्परता दिखाते हुये कुछ संदेही से पूछताछ की गई, मुखबिर लगाये गये चंद घंटो के भीतर दो संदेही को हिरासत मे लेकर सख्ती से पूछताछ करने पर चोरी करना कबूल किये, जिनके कब्जे से चोरी किया गया गेहूं व चोरी मे उपयोग की गयी मोटरसाईकल जप्त किया गया दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

### आरोपी का नाम..

मोहसिन उर्फकाले पिता मोहम्मद खान उम्र 22 साल निवासी बोरी कला, आमेर पिता अनवर खान उम्र 29 साल निवासी बोरी कला थाना बरघाट ।

**जप्ती**-दस बोरीयों मे गेहूं, चोरी में उपयोग मोटरसाईकिल, कुल मशरुका-50,000 रुपये।

### सराहनीय कार्य..

निरीक्षक चैनसिंह उड़के के नेत्तृत्व में सउनि संजय बघेल, प्र. आर. अमरसिंह उड़के, आर. आशीष ठाकरे, विनोद बोपचे, रवि धुर्वे, अंशुमन राजपूत, धर्मसिंह, केशरीनंदन ऐडे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से दो की मौके पर मौत, एक की हालत गंभीर

जगप्रेरणा सिवनी।

***जिले के घंसौर थाना क्षेत्र में मानकसरा गांव के पास बुधवार देर रात हुए एक सड़क हादसे में दो बाइक सवार युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।***

जानकारी के अनुसार घटना रात करीब 2 बजे की है। तीनों युवक एक शादी समारोह से अपने गांव लौट रहे थे।

इसी दौरान मानकसरा के पास एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। हादसे में प्रीतम कुडोपा (25) और नीरज उड़ारी (19) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं स्वरूप मारवी (23) गंभीर रूप से घायल हो गए।

### घायल को जबलपुर रेफर किया गया..

स्थानीय लोगों की सूचना पर घंसौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल स्वरूप मारवी को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। हालत गंभीर होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसआई शिवकुमार धुर्वे ने बताया कि अज्ञात वाहन चालक के खिलाफमामला दर्ज कर लिया गया है। फरार वाहन और उसके चालक की तलाश की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं, ताकि आरोपी की पहचान की जा सके।

# सरस्वती शिशु मंदिर में निखरेंगी प्रतिभाएँ

## आज से समर कैंप का आयोजन..

जगप्रेरणा सिवनी।

***नगर की शैक्षणिक संस्था सरस्वती शिशु मंदिर भैरोगंज सिवनी में प्रतिवर्षानुसार ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन***

आज 01 मई से 15 मई 2026 तक प्रातः 6.30 बजे से 11.00 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। उपरोक्त ग्रीष्म कालीन प्रशिक्षण शिविर में योग, विभिन्न खेल के साथ साथ चित्रकला, मूर्तिकला, मेहंदी, सुलेख, शुद्धलेख, संगीत, कर्सिव राइटिंग, स्पोकन इंग्लिस, वैदिक गणित, कम्प्यूटर सहित लगभग 25 प्रकार के कला कौशल का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि विगत 5 से वर्षो निंरतर उपरोक्त समर कैंप का आयोजन विद्यालय द्वारा किया जा रहा है। जिसमें सिवनी नगर के उत्साही छात्रों द्वारा सहभागिता की जाती है। वर्तमान में भी लगभग 500 प्रतिभागियों द्वारा समरकैंप के लिए अपना पंजीयन कराया जा चुका है।

उपरोक्त समर कैंप में नगर के विभिन्न विधाओ में पारंगत प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। विद्यालय परिवार द्वारा समर कैंप के आयोजन की तैयारियां जोर शोर से उत्साह पूर्वक की जा रही है। शाला परिवार ने नगर के जागरुक अभिभावकों से अपने पाल्यों को उपरोक्त शिविर में सहभागिता हेतु आग्रह किया है। शिविर में सहभागिता हेतु पंजीयन फार्म विद्यालय कार्यालय में प्रांत 10:30 से 5 बजे के मध्य प्राप्त किया जा सकता है।

# प्रेस क्लब ऑफ सिवनी का मिलन समारोह 2 मई को मेधावी विद्यार्थियों का होगा सम्मान..

जगप्रेरणा सिवनी।

***सिवनी प्रेस क्लब ऑफसिवनी (प्रेस एसोसिएशन सिवनी) द्वारा पत्रकार साथियों के मेधावी बच्चों के सम्मान में 02 मई 2026, शनिवार को प्रात: 11:00 बजे द ग्रेंड रजवाड़ा, जबलपुर रोड सिवनी में भव्य मिलन***

समारोह एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। प्रेस क्लब के अध्यक्ष अयोध्या प्रसाद विश्वकर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन पत्रकार परिवार के प्रतिभाशाली बच्चों के सम्मान के लिए विशेष रूप से रखा गया है, ताकि उनकी मेहनत और उपलब्धियों को उचित मंच मिल सके तथा अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिल सके।

सचिव राजेन्द्र पिंटू तरवरे और उपाध्यक्ष काबिज खान ने बताया कि कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन, कलेक्टर श्रीमती मीना मीणा एवं पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत दोपहर 12:30 बजे लंच का आयोजन रखा गया है। साथ ही बच्चों के मनोरंजन हेतु वॉटर पार्क की विशेष व्यवस्था की गई है। इच्छुक बच्चे सुबह 9:00 बजे रजवाड़ा वॉटर पार्क पहुंचकर इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। प्रेस क्लब ने सभी पत्रकार साथियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

### सम्मानित होने वाले मेधावी विद्यार्थी..

आलिया कौशर पिता रफीक खान (छपारा) कक्षा 10वीं, शिवम चौरसिय पिता गोपाल चौरसिया (सिवनी) कक्षा 12वीं। आर्यव बौद्ध पिता लक्ष्मण अहिरवार (छपारा) कक्षा 10वीं, आस्था क्रीडिया पिता संजीव क्रीडिया (सिवनी) कक्षा 10वीं। मोंटी नागफासे पिता राकेश नागफासे (सिवनी) कक्षा 10वीं, रुची पाठक पिता राजकिशोर पाठक (बखारी) कक्षा 10वीं। आंचल मिश्रा पिता सतीश मिश्रा (सिवनी) कक्षा 10वी। अलवीरा खान पिता अब्दुल वाहिद खान (सिवनी) कक्षा 10वीं।

# मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल 2.0) योजना अंतर्गत 17.03 करोड़ की अनुग्रह सहायता राशि का सिंगल क्लिक से वितरण

जगप्रेरणा सिवनी।

***गुरूवार 30 अप्रैल को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा मुख्यमंत्री निवास से मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल 2.0) योजना के अंतर्गत अनुग्रह सहायता राशि का हितग्राहियों को***

सिंगल क्लिक के माध्यम से वितरण किया गया। इस अवसर पर योजना के पात्र हितग्राहियों के खातों में डी.बी.टी. **(Direct Benefit Transfer)** के माध्यम से राशि अंतरित की गई।

सिवनी जिले में कुल 762 संबल हितग्राहियों को इस योजना का लाभ प्राप्त हुआ, जिनके खातों में कुल 17 करोड़ 3 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि सीधे हस्तांतरित की गई। इस राज्य स्तरीय हितलाभ वितरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला स्तर पर एन.आई.सी. केंद्र तथा सभी जनपद पंचायत कार्यालयों एवं नगरीय निकायों के सभाकक्षों में किया गया, जहाँ बड़ी संख्या में हितग्राही एवं आमजन ने कार्यक्रम को देखा।

जिला स्तरीय आयोजन में जिला प्रशासन के अधिकारी, संबल योजना के अंतर्गत लाभान्वित हितग्राही तथा श्रम विभाग की टीम उपस्थित रही। कार्यक्रम के दौरान हितग्राहियों ने शासन की इस पारदर्शी एवं त्वरित भुगतान व्यवस्था के लिए आभार व्यक्त किया।

# समय-सीमा में कार्य न करने वाले अधिकारियों पर गिरेगी गाज, कलेक्टर ने जारी किया नोटिस

जगप्रेरणा सिवनी।

***कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 के तहत नागरिकों के आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण न करने पर कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने जिले के विभिन्न तहसीलों और नगरीय निकायों के अधिकारियों को कार्य में लापरवाही बरतने के कारण कारण बताओ नोटिस जारी किया है।***

कलेक्टर श्रीमती मीना ने स्पष्ट किया है कि नागरिकों की समस्याओं का निराकरण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिन अधिकारियों ने आवेदनों को बिना किसी ठोस कारण के लंबित रखा है, उनसे जवाब मांगा गया है। असंतोषजनक जवाब पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों पर नियमानुसार अर्थदंड सहित कड़ी वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। नोटिस जारी किए गए अधिकारियों में नायब तहसीलदार धनौरा श्री अमृतलाल धुर्वे, तहसीलदार लखनादौन श्री दिग्विजय परस्ते, तहसीलदार कहानी श्री अरुण भूषण दुबे, नायब तहसीलदार उगली दीक्षा वासनिक, नायब तहसीलदार वृत्त पलारी श्री कुंवरलाल राउत, तहसीलदार केवलारी श्री शशांक मेश्राम और तहसीलदार बरघाट पूजा राना शामिल हैं। इसी क्रम में नायब तहसीलदार गंगेरूआ श्री धर्मराज तुरकर, तहसीलदार कुरई श्री शनिपाल शाह परतेती, तहसीलदार छपारा श्री सौरभ मरावी, नायब तहसीलदार भोमा एवं सिवनी भाग-एक सुश्री राधिका पाठक, नायब तहसीलदार बण्डोल श्री सतीश कुमार चौधरी, तहसीलदार सिवनी भाग-दो श्री नितिन कुमार चौधरी तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी केवलारी श्री चन्द्रकिशोर भंवरे को भी कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है। कलेक्टर श्रीमती मीना ने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि लंबित प्रकरणों का निराकरण त्वरित गति से किया जाए, ताकि आम जनता को शासन की सेवाओं का लाभ समय पर मिल सके।

## खाद्य प्रतिष्ठानों का किया गया औचक निरीक्षण..



**खाद्य पदार्थों के नमूने जांच हेतु भेजे गए..**

जगप्रेरणा सिवनी।

कलेक्टर सुश्री नेहा मीना के निर्देशानुसार एवं डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग, सिवनी द्वारा शहर में गर्मी के मौसम को देखते हुए सतत निरीक्षण एवं नमूना कार्यवाही की जा रही है। इस अभियान का उद्देश्य आमजन को गर्मी से राहत देने के साथ-साथ संक्रामक बीमारियों से बचाव सुनिश्चित करना तथा बासी एवं दूषित खाद्य पदार्थों के विक्रय पर रोक लगाना है। इसी क्रम में गुरूवार 30 अप्रैल को शहरीय क्षेत्र में संचालित अस्थाई खाद्य दुकानों पर विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान ज्यारत नाका स्थित छपारा लस्सी सेंटर से लस्सी का नमूना, बस स्टैंड स्थित सनी जूस सेंटर से मैंगो शेक का नमूना तथा आनंद लस्सी सेंटर से लस्सी एवं मैंगो शेक के नमूने लिए गए। गर्मी के मौसम में आम को पकाने हेतु अवैध रासायनिक पदार्थों के उपयोग को ध्यान में रखते हुए हड्डी गोदाम क्षेत्र में विभिन्न फ्ल विक्रेताओं के गोदामों का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विक्रेताओं को सख्त निर्देश दिए गए कि फ्लों को पकाने के लिए कार्बाइड जैसे हानिकारक रसायनों का उपयोग न करें। मौके पर एथलीन गैस के उपयोग से फ्ल पकाते हुए पाया गया, जो कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत मान्य है।







कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर, शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800



जग प्रेरणा

# शहर बालाघाट

● गर्रा ● भटेरा ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई






दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

मनोज सचदेव
मो. 94258-22975


# बालाघाट के भरवेली हीरापुर में 15 वर्षीय छात्रा हिना खान की हत्या से भड़क रहा जनाक्रोश..

### दो युवको के फुटेज में दिखाई दिया नाबालिग को बाईक में ले जाते हुए..

### मुस्लिम समाज ने हत्यारों की गिरफ्तारी की कि मांग..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिले की मॉयल नगरी भरवेली के लगे हुए ग्राम ग्राम हीरापुर में फिर एक शर्मनाक घटना सामने आई है, जिसमें एक नाबालिग 15 वर्षीय छात्रा को बहला फुसलाकर दो युवक अपने साथ में लेकर चले गए, और फिर बाद में छात्रा की उसके घर के समीप ही नाले की रैलिंग पर उसका लटकता हुआ शव बरामद हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार हिना का शव 27 अप्रैल***

को सुबह दिखाई दिया, और उसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दे दी गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विधिवत कार्यवाही करते हुए नाबालिग के शव का पोष्टमार्टम भी कराया, जिसके बाद परिवारजनों द्वारा मायुसी और दर्द भरे माहौल में उसके शव को सुपुर्द ए खाक कर दिया, लेकिन इस घटना के 3 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार करते



हुए हत्या और हत्या के कारणों का खुलासा नहीं कर पाई है।

### गरीब परिवार की हिना गई थी आधी रात को दो युवकों के साथ मोटर सायकिल में..

गौरतलब है कि 15 वर्षीय हिना एक गरीब परिवार की किशोरी थी जिसके माता पिता मजदूरी करते हैं। हिना की हत्या के बाद भरवेली पुलिस ने मामले में आरोपियों को पकड़ने के लिये कोशिशें शुरु की, तो सबसे पहले चारों तरफ के विभिन्न सीसीटीवी कैमरों के विडियो फुटेज एकत्रित किये गए। इस मामले में पुलिस ने वीडियो फुटेज प्राप्त किया, जिसमें अपने माता-पिता की इकलौती संतान 15 वर्षीय हिना जो कि कक्षा नवमी की छात्रा थी जिसको 26 और 27 अप्रैल की मध्य रात्रि करीबन 1.40 बजे बहला फुसलाकर दो युवकों द्वारा घर से बुलाया गया और मोटर सायकिल में युवक हिना को लेकर अपने साथ चले गए। इसके बाद सुबह करीबन 5:30 बजे घर के पास ही लगे नाले की रेलिंग में हिना खान का शव फंदे से लटकते हुआ पाया गया।


### आखिर कैसे हो गई हिना की मौत? कैसे पहुंची हिना घर के नाले के पास तक?

गौरतलब है कि हिना खान की मौत के बाद जहां पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है, वहीं पुलिस के सामने यह भी बड़ा सवाल है कि आखिरकार रात्रि 1.40 से सुबह 5.30 बजे के बीच ऐसा क्या हुआ कि हिना की मौत हो गई। यदि दोनों युवकों ने हिना को मार डाला तो क्या उसे घर के पास नाले के करीब लाकर मारा गया, या फिर उसे मार कर फिर घर के पास उसका शव रखकर आरोपी भाग खड़े हुए। आरोपियों ने हिना के साथ क्या ज्यादतियां की, और जब हिना को वो उसकी मर्जी से लेकर गए थे तो फिर हिना की हत्या की आवश्यकता क्यों पड़ी। ऐसे अनेक सवाल है जो कि हिना खान की मौत के बाद उठ रहे हैं और अब इस घटना के बाद से एक बार फिर भरवेली हिरापुर क्षेत्र में तनाव व्याप्त हो गया है, तथा आज 30 अप्रैल को क्षेत्र के मुस्लिम समाज और अन्य लोगों ने मिलकर हिना खान की मौत के मामले में त्वरित जांच कार्यवाही करने और आरोपियों को गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा की मांग की है। 29 अप्रैल को भी भरवेली और हीरापुर के लोगों ने थाने में जाकर के हिना खान के हत्यारे को जल्द गिरफ्तार करने की मांग और कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की, लेकिन फिलहाल समाचार लिखे जाने तक एक बार फिर एक और मामला बालाघाट जिले की पुलिस के लिये चुनौती दिखाई दे रहा है, जिसमें भरवेली पुलिस कब तक सफलता प्राप्त कर पाती है, देखने वाली बात होगी।

### भगवान परशुराम पर अमर्यादित टिप्पणी पर

# भीम आर्मी नेता दामोदर यादव पर सख्त कानूनी कार्यवाही की जाये.. - राजेश पाठक

### सर्व ब्राह्मण समाज जिलाध्यक्ष राजेश पाठक ने की विवादित बयान की कड़ी निंदा..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***भगवान परशुराम को लेकर भीम आर्मी नेता दामोदर यादव द्वारा दिए गए विवादित बयान पर जिले में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इस मामले में जिला सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजेश पाठक ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बयान को घोर निंदनीय बताया है।***

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आपत्तिजनक और असंवेदनशील वक्तव्य न केवल ब्राह्मण समाज की आस्था को ठेस पहुंचाते हैं, बल्कि सामाजिक सौहार्द और शांति व्यवस्था के लिए भी गंभीर खतरा उत्पन्न करते हैं। राजेश पाठक ने कहा कि भगवान परशुराम हिंदू धर्म में अत्यंत पूजनीय माने जाते हैं और उनके प्रति अपमानजनक भाषा का प्रयोग किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि दामोदर यादव ने अपनी राजनीतिक पहचान बनाने और सुर्खियों में आने के उद्देश्य से इस प्रकार का गैर-जिम्मेदाराना बयान दिया है, जो समाज को बांटने का कार्य करता है। ऐसे बयानों से समाज में वैमनस्य फैलता है और विभिन्न वर्गों के बीच अनावश्यक तनाव उत्पन्न होता है। उन्होंने आगे कहा कि किसी भी व्यक्ति को अपने विचार रखने की स्वतंत्रता है, लेकिन यह स्वतंत्रता दूसरों की आस्था और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने की अनुमति नहीं देती। इस तरह के बयान लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक मर्यादाओं के विरुद्ध हैं। ब्राह्मण समाज इस बयान से गहराई से आहत है और इसकी व्यापक स्तर पर निंदा कर रहा है।

राजेश पाठक ने मध्यप्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री से मांग की है कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित व्यक्ति के खिलाफसख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते इस तरह के मामलों पर कठोर कदम नहीं उठाए गए, तो भविष्य में अन्य लोग भी इस प्रकार के विवादित और भड़काऊ बयान देने का साहस करेंगे, जिससे प्रदेश की शांति व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। उन्होंने प्रशासन से भी अपील की कि ऐसे मामलों में तत्परता दिखाते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। साथ ही उन्होंने सभी समाजों से संयम बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचने की अपील की है, ताकि आपसी भाईचारा और सामाजिक समरसता बनी रहे।

अंत में श्री राजेश पाठक ने कहा कि समाज के सभी वर्गों को एक-दूसरे की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करना चाहिए और इस प्रकार की बयानबाजी से दूर रहना चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि शासन-प्रशासन इस मामले में उचित कार्रवाई करेगा और भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होगी।यदि यादव के खिलाफकार्यवाही नही की गई तो ब्राह्मण समाज सड़को पर आकर आंदोलन करने बाध्य होगा।

### बालाघाट जिले की ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा कर

# कलेक्टर मृणाल मीना ने दिये पेंशन सर्वे, पेयजल व्यवस्था और योजनाओं के क्रियान्वयन पर सख्त निर्देश

जगप्रेरणा बालाघाट।



कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने गुरुवार को जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों (सीईओ), सहायक यंत्रियों एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्रियों की बैठक लेकर जिले में संचालित ग्रामीण विकास योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में सीईओ अभिषेक सराफ भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री मीना ने सभी जनपद सीईओ को निर्देशित किया कि वे घर-घर जाकर पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का सर्वे सुनिश्चित करें तथा पात्र होने के बावजूद वंचित लोगों को शीघ्र लाभ दिलाएं। उन्होंने एक सप्ताह के भीतर अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के प्रकरण तैयार करने के निर्देश भी दिए।

संबल योजना के तहत अंत्येष्टि सहायता राशि के भुगतान में हो रही देरी पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मृत्यु प्रमाण पत्र के अभाव में सहायता राशि का विलंब से वितरण अत्यंत आपत्तिजनक है। इस संबंध में एक वर्ष तक मृत्यु प्रमाण पत्र जारी नहीं करने वाले पंचायत सचिवों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। वहीं प्रसूति सहायता प्रकरणों में समग्र ई-केवाईसी की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि हितग्राही महिलाओं को समय पर राशि का भुगतान हो सके। कलेक्टर ने पेयजल व्यवस्था को लेकर भी स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी गांव में जल संकट की स्थिति नहीं बननी चाहिए। शासकीय हैंडपंप एवं कुओं पर यदि किसी व्यक्ति का एकाधिकार पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाए। साथ ही ग्राम पंचायतों को जलकर एवं संपत्ति कर की प्रभावी वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने पंचायत सचिवों एवं सरपंचों की नियमित बैठक आयोजित करने तथा जनपद सीईओ को अपनी टूर डायरी संधारित कर जिला पंचायत सीईओ को प्रस्तुत करने को कहा। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि टूर डायरी के आधार पर ही जनपद सीईओ का वेतन आहरित किया जाएगा। साथ ही ग्राम भ्रमण के दौरान योजनाओं के क्रियान्वयन एवं निर्माण कार्यों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए गए। आंगनबाड़ी केंद्रों के निरीक्षण पर जोर देते हुए कलेक्टर ने वहां शौचालय एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा के दौरान उन्होंने ग्रामों में शादी, भंडारे एवं अन्य आयोजनों के बाद प्लास्टिक कचरे के ढेर पर चिंता व्यक्त करते हुए गांवों को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए ठोस प्रयास करने के निर्देश दिए। बैठक में पीएम जन-मन योजना, धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान एवं प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सीएम हेल्पलाइन के 50 दिन से अधिक लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण पर भी जोर दिया गया। कलेक्टर श्री मीना ने बताया कि बैहर, बिरसा एवं परसवाड़ा क्षेत्र से रोजगार के लिए बाहर जाने वाले श्रमिकों के बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसके लिए शीघ्र ही दो पलायन छात्रावास प्रारंभ किए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे बच्चों का अभी से चिन्हांकन कर लिया जाए, ताकि उन्हें शिक्षा से जोड़ा जा सके। बैठक में दिए गए निर्देशों के माध्यम से कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि ग्रामीण विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, हितग्राहियों को समय पर लाभ एवं मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# जिला पंचायत सभागार में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान, 10 वीं-12 वीं के टॉपर्स को मिला प्रोत्साहन

जगप्रेरणा बालाघाट।



माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम के उपरांत कक्षा 10वीं एवं 12वीं में प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह जिला पंचायत सभागार में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरसवार, उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति के अध्यक्ष योगेश राजा लिल्हारे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ एवं पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा उपस्थित रहे। सभी अतिथियों द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। ज्ञात हो कि प्रदेश की प्रावीण्य सूची में बालाघाट जिले के हाईस्कूल के 37 एवं हायर सेकेंडरी के 98 छात्र-छात्राओं ने स्थान प्राप्त किया, जो जिले के लिए गौरव का विषय है।

इस अवसर पर जिला पंचायत एवं अध्यक्ष जिला पंचायत द्वारा संयुक्त रूप से सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को 5-5 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि के स्वीकृति पत्र एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत सदस्यगण एवं अधिकारियों ने विद्यार्थियों को भविष्य में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के गुर बताए तथा करियर गाइडेंस सम्बंदित मार्गदर्शन भी दिया वक्ताओं ने विद्यार्थियों की सफलता को उनकी मेहनत, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम बताते हुए अन्य छात्रों को प्रेरणा लेने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के अभिभावक एवं शिक्षकगण भी उपस्थित रहे और सभी ने मेधावी छात्रों की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया।

### संतोष भलावी को 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत..

जगप्रेरणा बालाघाट।

बालाघाट तहसील के ग्राम दौनी निवासी वर्षा भलावी की 17 मार्च 2026 को तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण बालाघाट के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री गोपाल सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6/4 के प्रावधानों के तहत मृतक के वारिस पिता श्री संतोष भलावी को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। बालाघाट तहसीलदार को निर्देशित किया गया है कि वे कोषालय में देयक प्रेस्तुत कर संतोष भलावी के खातें में ई-पेमेंट से शीघ्र 04 लाख रुपए की राशि जमा कराए।

### सांदीपनि विद्यालय में कक्षा 11 वीं कृषि संकाय में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित..

जगप्रेरणा बालाघाट।

सांदीपनि विद्यालय बालाघाट में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु कक्षा 11वीं (वाणिज्य एवं कृषि संकाय, हिंदी माध्यम) की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक विद्यार्थियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र दिनांक 09 मई 2026 तक जमा करने का आग्रह किया गया है।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ युवराज रहांगडाले ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया में शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा, इसलिए इच्छुक अभ्यर्थियों को समय सीमा के भीतर आवेदन करने की सलाह दी गई है। प्राचार्य डॉ. युवराज राहंगडाले ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से अपील की है कि वे समय पर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करें तथा अधिक जानकारी के लिए विद्यालय से संपर्क करें।

# 01 मई से स्नातक व स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ..

### प्राचार्य अशोक मराठे ने की विद्यार्थियों से समय पर पंजीयन की अपील..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***मध्यप्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष की कक्षाओं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन प्रक्रिया एक मई 2026 से प्रारंभ की जा रही है। शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातक व स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे***

तथा जिला नोडल अधिकारी डॉ. एन.एम. कुरैशी ने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक संख्या में समय पर आवेदन करने की अपील की है। प्राचार्य डॉ. मराठे ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया का प्रथम चरण 01 मई से 15 मई 2026 तक संचालित होगा, जिसमें विद्यार्थी एमपी ऑनलाईन के माध्यम से अपना पंजीयन कर सकेंगे। पंजीयन के बाद विद्यार्थियों को अपने दस्तावेजों का सत्यापन दो मई से सोलह मई 2026 के बीच निकटतम शासकीय महाविद्यालय में कराना अनिवार्य होगा। प्रवेश प्रक्रिया के तहत प्रथम सूची 20 मई 2026 को जारी की जाएगी। सूची में नाम आने वाले विद्यार्थियों को इक्कीस मई से 26 मई 2026 के बीच आवंटित महाविद्यालय में शुल्क जमा कर अपनी प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। यह प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी और ऑनलाइन माध्यम से संचालित की जा रही है, जिससे विद्यार्थियों को सुविधा के साथ उच्च शिक्षा में प्रवेश मिल सके।

जिला नोडल अधिकारी डॉ. एन.एम. कुरैशी ने ÷कॉलेज चलो अभियान÷ के तहत सभी बारहवीं एवं स्नातक उत्तीर्ण विद्यार्थियों से अपील की है कि वे समयसीमा का पालन करते हुए शीघ्र पंजीयन कराएं और उच्च शिक्षा का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि समय पर आवेदन और दस्तावेज सत्यापन कराने से विद्यार्थियों को अपनी पसंद के महाविद्यालय में प्रवेश मिलने की संभावना अधिक रहेगी।

# 1 मई से शुरू होगा 'आरोह 2026' ग्रीष्मकालीन कराते प्रशिक्षण शिविर..

जगप्रेरणा बालाघाट।



खेल एवं युवा कल्याण संचालनालय, भोपाल के निर्देशानुसार तथा जिला खेल अधिकारी श्री राहुल बारेसा के मार्गदर्शन में 1 मई से 30 मई 2026 तक 'आरोह' ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर का उद्देश्य 19 वर्ष से कम आयु के बालक-बालिकाओं के व्यक्तित्व निर्माण, शारीरिक, मानसिक एवं सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना है।

जिला खेल कराते प्रशिक्षक श्री सचिंद्र कृष्णन ने बताया कि जिले के मुलना स्टेडियम, जिला मुख्यालय के खेल मैदानों एवं विकासखंड मुख्यालयों में आयोजित इस शिविर में विभिन्न खेल गतिविधियों के साथ खिलाडियों को जीवन के महत्वपूर्ण आयामों से भी परिचित कराया जाएगा। 'आरोह' का अर्थ है निरंतर आगे बढ़ते रहना। यह नाम पर्वतारोहियों की उस भावना को दर्शाता है, जो कठिनाइयों के बावजूद अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहते हैं। शिविर के दौरान खिलाडियों के समग्र विकास के लिए सात प्रमुख बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

इनमें फिट इंडिया मूवमेंट, व्यक्तित्व विकास, सांस्कृतिक एवं मनोरंजन गतिविधियां, खेल गतिविधियां, परिवार एवं सामुदायिक सहभागिता, सामाजिक जागरूकता तथा प्रतियोगिताएं एवं प्रमाण पत्र शामिल हैं। विभाग द्वारा इस वर्ष शिविर में भाग लेने वाले खिलाडियों के लिए ऑनलाइन पंजीयन अनिवार्य किया गया है। इसके लिए क्यूआर कोड जारी किया गया है, जिसके माध्यम से इच्छुक खिलाड़ी अपनी पसंद के खेल का चयन कर पंजीयन कर सकते हैं। पंजीयन के बाद संबंधित खेल के प्रशिक्षकों से शाम 5 बजे संपर्क किया जा सकता है। जिला कराते प्रशिक्षण केंद्र, मुलना स्टेडियम में कराते प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इच्छुक खिलाड़ी सुबह 6:30 बजे तथा शाम 5 बजे के बाद प्रशिक्षण का लाभ ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला खेल कराते प्रशिक्षक श्री सजिन्द्र कृष्णन से शाम 5:30 बजे संपर्क किया जा सकता है।



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

अजय रजक गढ़ी

मो. 84353 19391



# आक्रामक तेवरों वाला युवा चेहरा: दयाल वासनिक बने कांग्रेस प्रवक्ता

हितेश अजीत, जगप्रेरणा बालाघाट।

***जिले की राजनीति में सक्रियता और आक्रामक कार्यशैली के चलते दयाल वासनिक ने अपनी अलग पहचान बनाई है। छात्र राजनीति से उभरकर जनआंदोलनों में लगातार सक्रिय रहने वाले वासनिक को कांग्रेस ने प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी है।***









दयाल वासनिक ने कम उम्र में ही राजनीति में कदम रखते हुए वर्ष 2010 में कांग्रेस की ध्वजवाहिनी निगरानी समिति में जिला प्रभारी के रूप में कार्य किया। वर्ष 2013 में उन्होंने वार्ड क्रमांक 24 से पार्षद पद के लिए दावेदारी की, लेकिन टिकट न मिलने पर निर्दलीय चुनाव लड़ा और दूसरे स्थान पर रहकर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई।

इसके बाद उन्होंने छात्र राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाते हुए एनएसयूआई से जुड़कर संगठन में अपनी पकड़ मजबूत की और जिलाध्यक्ष बने। उनके कार्यकाल के दौरान छात्र हितों को लेकर कई आंदोलन किए गए, जिनमें *महाविद्यालय में तालाबंदी, पुतला दहन, काले झंडे दिखाने जैसे प्रदर्शन शामिल रहे। इन आंदोलनों के चलते उन्हें तीन बार जेल भी जाना पड़ा तथा उनके खिलाफ कई राजनीतिक प्रकरण दर्ज हुए। उनके कार्यों को देखते हुए उन्हें प्रदेश स्तर पर दो बार ÷बेस्ट जिलाध्यक्ष÷ का अवार्ड भी मिला।

एनएसयूआई के माध्यम से उन्होंने प्रदेश के मुद्दों को लेकर आक्रोश रैलियां निकालीं, वहीं महाविद्यालय में प्रवेश से वंचित छात्रों के लिए संघर्ष किया। विभिन्न अवसरों पर प्रभारी मंत्री के दौरे के दौरान विरोध प्रदर्शन, महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफसड़क पर उतरकर अनोखे तरीके से प्रदर्शन के साथ कांग्रेस लीडर राहुल प्रियंका गांधी की गिरफ्तारी के विरुद्ध में प्रधानमंत्री का पुतला जलाया, बेरोजगारी के विरोध में सड़क पर उतरकर रिक्शा चलाया तो वहीं पकोड़े तलकर सरकार को आईना दिखाया

इसके बाद वे युवा कांग्रेस में बालाघाट विधानसभा अध्यक्ष रहे और संगठन को मजबूती देने का कार्य किया। राजनीतिक गतिविधियों के साथ-साथ वे सामाजिक क्षेत्र में भी सक्रिय रहे। दी बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया के जिला उपाध्यक्ष के रूप में उन्होंने संविधान दिवस सहित कई कार्यक्रमों का आयोजन कराया। साथ ही समाज के जिला अध्यक्ष के रूप में वर्ष 2024 तक विभिन्न सामाजिक आयोजनों में भूमिका निभाई। जिले में उनकी सक्रियता और युवाओं के बीच बढ़ती पकड़ को देखते हुए उन्हें कांग्रेस के उभरते हुए युवा चेहरों में माना जा रहा है।

# एकलव्य विद्यालय बैहर में रोजगार मेले का आयोजन, 700 से अधिक युवाओं को मिले ऑफर लेटर..

जगप्रेरणा बैहर।

***आदिवासी अंचल के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एकलव्य विद्यालय बैहर में 29 अप्रैल को भव्य रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में बैहर, बिरसा,***








गढ़ी और परसवाड़ा क्षेत्र के युवाओं को आमंत्रित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवक-युवतियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रोजगार मेले में यजाकी, टाटा इलेक्ट्रॉनिक एवं टाटा मोटर्स जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लेकर युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए। मेले में 1000 से अधिक युवाओं ने पंजीयन कर इंटरव्यू दिया, जिसमें से 700 से अधिक युवाओं को मौके पर ही ऑफर लेटर प्रदान किए गए।

जिले के कलेक्टर श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में आदिवासी क्षेत्रों के युवाओं को रोजगार से जोडऩे के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आयोजित इस मेले को युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर के रूप में देखा जा रहा है। कार्यक्रम में बैहर एसडीएम श्री अर्पित गुप्ता ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे ऐसे अवसरों का अधिक से अधिक लाभ उठाकर अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करें और अपने कौशल का विकास करते हुए जीवन में आगे बढ़ें। इस दौरान परसवाड़ा एसडीएम श्री शिरीष प्यासी भी उपस्थित रहे।

# बालाघाट जिले में महिला आबादी पुरुषों के बराबर, 33 नहीं 50 प्रतिशत आरक्षण दे सरकार, समान राजनीतिक प्रतिनिधित्व हो - विधायक मधु भगत..

## महिला आरक्षण पर तत्काल निर्णय की मांग, विलंब को बताया जनहित के खिलाफ

जगप्रेरणा बालाघाट/भोपाल।

***मध्यप्रदेश विधानसभा के शासकीय संकल्प दिवस (27 अप्रैल 2026) के दौरान परसवाड़ा क्षेत्र के विधायक मधुभाऊ भगत द्वारा महिला आरक्षण के मुद्दे पर रखे गए विचारों ने राजनीतिक और सामाजिक विमर्श को एक बार फिर तेज कर दिया है।***

उन्होंने अपने वक्तव्य में स्पष्ट रूप से कहा कि महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की बात केवल भाषणों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे ठोस नीतिगत निर्णयों के माध्यम से तत्काल लागू किया जाना चाहिए।

अपने संबोधन में विधायक मधु भगत ने विशेष रूप से बालाघाट जिले का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां महिला आबादी पुरुषों के लगभग बराबर है, ऐसे में केवल 33 प्रतिशत आरक्षण पर्याप्त नहीं है। उन्होंने मांग की कि महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देकर उन्हें समान राजनीतिक प्रतिनिधित्व दिया जाना चाहिए, ताकि लोकतंत्र में वास्तविक भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

विधायक भगत ने विधानसभा की कार्यवाही के दौरान यह उल्लेख किया कि उन्होंने मध्यप्रदेश विधानसभा के नियम 123/1 के अंतर्गत संशोधन प्रस्ताव प्रस्तुत किया था, जिसमें उन्होंने महिला आरक्षण को परिसीमन के बाद लागू करने की बजाय तत्काल प्रभाव से लागू करने की मांग की थी। उनका कहना था कि वर्तमान में जो संकल्प प्रस्तुत किया गया है, उसमें महिला आरक्षण को परिसीमन और जनगणना जैसी शर्तों से जोड़ दिया गया है, जिससे इसकी वास्तविक मंशा पर सवाल खड़े होते हैं।

उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि ÷महिला केवल एक शब्द नहीं है, बल्कि वह एक मां, बहन, शक्ति और सृजन का आधार है। जिस देश में महिलाओं को देवी का दर्जा दिया जाता है, वहां उनके अधिकारों को टालना न्यायसंगत नहीं कहा जा सकता।÷ उन्होंने यह भी जोड़ा कि सदन में दोनों पक्षों में महिलाएं मौजूद हैं और सभी के प्रति समान सम्मान होना चाहिए, लेकिन वास्तविक सम्मान तब सिद्ध होगा जब उन्हें निर्णय प्रक्रिया में बराबरी का स्थान मिलेगा। मधुभाऊ भगत ने देश की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत जैसे देश में, जहां जैसी सशक्त महिला प्रधानमंत्री रह चुकी हैं, वहां आज भी महिलाओं को उनके अधिकारों के लिए प्रतीक्षा करनी पड़ रही है, यह चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि यह समय प्रतीक्षा का नहीं, बल्कि निर्णायक कदम उठाने का है।

उन्होंने वर्ष 2023 में लोकसभा में पारित महिला आरक्षण विधेयक का भी जिक्र किया और कहा कि उस समय सभी दलों ने समर्थन दिया था, लेकिन इसे 2026 तक लागू करने की बात कही गई, जो कि अनावश्यक विलंब है। उनका आरोप था कि बीते तीन वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि सरकार की प्राथमिकताओं में महिला सशक्तिकरण को उचित स्थान नहीं मिल रहा है।



उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लाए गए संवैधानिक संशोधन विधेयक में जनगणना और परिसीमन को अनिवार्य शर्त बनाना, महिला आरक्षण को टालने का एक तरीका प्रतीत होता है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि राजनीतिक इच्छाशक्ति हो, तो वर्तमान लोकसभा की 543 सीटों और मध्यप्रदेश विधानसभा की 230 सीटों में भी 33 प्रतिशत आरक्षण तत्काल लागू किया जा सकता है।

विधायक भगत ने कहा कि यदि सरकार वास्तव में महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति गंभीर है, तो उसे केवल प्रतीकात्मक निर्णयों से आगे बढ़कर ठोस कदम उठाने होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने से न केवल राजनीतिक संतुलन मजबूत होगा, बल्कि सामाजिक न्याय भी सुनिश्चित होगा।

उन्होंने सुझाव दिया कि यदि आरक्षण देना ही है, तो इसे 33 प्रतिशत तक सीमित रखने के बजाय 50 प्रतिशत तक बढ़ाने पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। ÷जब महिलाएं समाज की आधी आबादी हैं, तो उन्हें आधा अधिकार भी मिलना चाहिए,÷ उन्होंने कहा।

उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं की भूमिका केवल प्रतीकात्मक नहीं होनी चाहिए। ÷महिलाओं के लिए मंच तैयार करना महत्वपूर्ण है, लेकिन उससे अधिक जरूरी है कि उन्हें निर्णय लेने की शक्ति भी दी जाए,÷ उन्होंने कहा। उन्होंने जोर देकर कहा कि समाज और राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने से ही देश का समग्र विकास संभव है। अपने वक्तव्य के दौरान उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि कांग्रेस पार्टी के भीतर महिलाओं को हमेशा सम्मानजनक स्थान दिया गया है और पार्टी में प्रतिस्पर्धा के बावजूद महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाती रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के मुद्दे पर राजनीति नहीं, बल्कि सर्वसम्मति से निर्णय होना चाहिए।

मधुभाऊ भगत ने अंत में स्पष्ट रूप से मांग रखी कि महिला आरक्षण को किसी भी प्रकार की शर्तों से मुक्त करते हुए तत्काल लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि ÷देश की आधी आबादी को उनके अधिकारों के लिए और अधिक इंतजार नहीं कराया जाना चाहिए। यदि हम वास्तव में महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण की बात करते हैं, तो इसे व्यवहार में भी उतारना होगा।÷

उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं की शक्ति को कम आंकना देश के विकास को सीमित करने जैसा है। ÷जब महिलाएं आगे बढ़ेंगी, तभी समाज और राष्ट्र भी प्रगति करेगा,÷ उन्होंने कहा। इस पूरे वक्तव्य ने यह स्पष्ट कर दिया कि महिला आरक्षण का मुद्दा केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और समानता का प्रश्न है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि सरकार इस पर क्या रुख अपनाती है और क्या वास्तव में महिलाओं को उनका अधिकार समय पर मिल पाता है या नहीं।

# मलांजखंड में क्षेत्रीय खो-खो प्रतियोगिता का समापन, खिलाडिय़ों ने दिखाई अद्भुत प्रतिभा

जगप्रेरणा मलाजखंड।

***पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मलाजखंड में आयोजित 55वीं क्षेत्रीय खो-खो प्रतियोगिता का समापन अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। तीन दिनों तक चले इस खेल आयोजन में***




संभाग के विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर खेल भावना की मिसाल प्रस्तुत की। समापन दिवस पर 14 वर्ष से कम आयु वर्ग तथा सत्रह वर्ष से कम आयु वर्ग के अंतिम मुकाबले अत्यंत रोमांचक रहे। खिलाडिय़ों ने अपनी गति, कौशल और सूझबूझ का प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का मन मोह लिया। अंतिम मुकाबलों के पश्चात राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए खिलाडिय़ों के चयन हेतु परीक्षण मुकाबले भी आयोजित किए गए, जिनमें चयन समिति ने प्रतिभागियों की क्षमता का गहन आकलन किया।

समापन समारोह में विद्यालय के प्राचार्य डॉ. संतोष कुमार प्रसाद ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को पदक और प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने खिलाडिय़ों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता के परिणामों में चौदह वर्ष से कम आयु वर्ग में मेजबान पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मलांजखंड ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि केंद्रीय विद्यालय उमरिया द्वितीय और केंद्रीय विद्यालय वेहिकल फेक्ट्री शिफ्ट 01 जबलपुर तृतीय स्थान पर रहे। वहीं सत्रह वर्ष से कम आयु वर्ग में केंद्रीय विद्यालय नवरोजाबाद ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मलांजखंड द्वितीय और व्हीकल फैक्ट्री शिफ्ट-1 जबलपुर तृतीय स्थान पर रहा।

प्राचार्य डॉ. संतोष कुमार प्रसाद ने कहा कि सभी खिलाडिय़ों ने अनुशासन, समर्पण और उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि जीत और हार से बढ़कर खेल से मिलने वाली सीख और अनुशासन जीवन में अधिक महत्वपूर्ण होते हैं। इस आयोजन को सफ्ल बनाने में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक वाई.के. भगत, शारीरिक शिक्षा शिक्षक तेजलाल तिवारी तथा समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

साथ ही विभिन्न स्थानों से आए क्रीड़ा अधिकारियों, निर्णायकों और विशेषज्ञों ने प्रतियोगिता के सफ्ल संचालन में अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने आयोजन समिति, सभी सहयोगी अधिकारियों, निर्णायक मंडल, दल प्रभारियों तथा खिलाडिय़ों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक और नेतृत्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। तीन दिनों तक चला यह खेल आयोजन क्षेत्र में खेलों के प्रति नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करने में सफ्ल रहा।

# सांदीपनि विद्यालय मलाजखंड में निः शुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम संपन्न..



जगप्रेरणा मलाजखंड।

***सांदीपनि विद्यालय मलाजखंड में मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत 30 अप्रैल 2026 को गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया।***

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सविता मरकाम की उपस्थिति में कक्षा 9वीं के पात्र विद्यार्थियों को उनके अभिभावकों के साथ निःशुल्क साइकिलें वितरित की गईं।

इस अवसर पर अतिथियों ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि यह योजना विशेष रूप से ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों के लिए लाभकारी है। इससे विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी और शिक्षा के प्रति उनकी रुचि बढ़ेगी।

विद्यालय प्रबंधन द्वारा जानकारी दी गई कि इससे पूर्व 24 अप्रैल 2026 को कक्षा 6वीं के पात्र विद्यार्थियों को भी निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया जा चुका है। उस कार्यक्रम में नगरपालिका परिषद मलाजखंड की उपाध्यक्ष एवं स्त्रष्टष्ट सदस्य श्रीमती त्रिवेणी गोस्वामी तथा स्थानीय पार्षद एवं स्त्रष्टष्ट सदस्य श्रीमती संजीदा ललित खान उपस्थित रहीं। विद्यालय के प्राचार्य श्री गंगा प्रसाद कटरे ने अतिथियों का स्वागत करते हुए शासन की इस जनहितकारी योजना के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस पहल से दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों को विशेष लाभ मिलेगा और उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित होगी। कार्यक्रम का संचालन सुव्यवस्थित रूप से किया गया तथा अंत में सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## गुमे दस्तावेज की सूचना..

मेरे नर्सिंग कालेज के मार्कशीट दस्तावेज गुम हो गये हैं।

जिस किसी भी व्यक्ति को यह दस्तावेज मिले हो

वे उपरोक्त पते पर कृपया पहुंचाने का कष्ट करें ।

ममता पटले
डी/ओ - मदनलाल पटले
पोस्ट - जाम
तह. -लालबर्रा
जिला - बालाघाट

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें..

मो. 9329033433

## न्यायालय तहसीलदार परसवाडा

**।। ईश्तहार ।।**

रा.प्र.क.0001.... ड - 154.... वर्ष 2025-26

मौजा मजगांव प.ह.न. 27

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता ग्राम दानूटोला तहसील परसवाड़ा जिला बालाघाट को सूचित किया जाता है कि आवेदक चैनसिंह परते आ. तानूसिंह परते जाति गोंड निवासी ग्राम दानूटोला तहसील परसवाडा जिला बालाघाट ने अपने पिता ताकसिंह परते पिता सूरतसिंह की मृत्यु दिनांक 03-03-2016 के मृत्यु संबंध घटना का ग्राम पंचायत मजगांव मे रजिस्ट्रीकरण नही होने से मृत्यु की प्रविष्टि ग्राम पंचायत मजगांव मे दर्ज कर मृत्यु प्रमाण पत्र मिलने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है इस संबंध मे जिस किसी भी व्यक्ति विशेष को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो नियत दिनांक 28/04/26 तक मेरे न्यायलय मे स्वंय उपस्थित होकर अथवा अपने अधिकर्ता के माध्यम से आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 15/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा द्वारा जारी किया गया है।

तहसीलदार
परसवाडा










दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

गौरव अग्रवाल कटंगी

मो. 7974944900


# प्रतिभाशाली विधार्थीयो के उत्क्रष्ट प्रदर्शन को सम्मानित कर उज्जवल भविष्य के लिये प्रोत्साहित करने का है अवसर.. प्रदीप जायसवाल..

## क्षेत्र के लगभग आठ सौ मेधावी विद्वार्थीयो का नपा परिषद ने लेपटाप बेग और स्मार्ट वाच से किया सम्मान

जगप्रेरणा वारासिवनी।

***नगर पालिका परिषद ने आज नगर के इंडोर स्टेडियम मे मेधावी छात्रो के सम्मान समारोह मे आज क्षेत्र के लगभग आठ सौ विधार्थीयो का लेपटाप बेग और स्मार्ट वाच से सम्मान किया। मुख्य अतिथी प्रदीप जायसवाल पूर्व मंत्री, नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे,***

पूर्व नपा अध्यक्ष श्रीमती स्मिता जायसवाल, सुश्री किरण शर्मा,भाजपा जिला उपाध्यक्ष किशोर अमूले, प्रदीप शरणागत, चिरौजी पारधी सहित पार्षदगणो के हस्ते पुरस्कत होकर विधार्थीयो ने भी प्रसन्नता के साथ कहा की आज हमे गर्व महसूस हो रहा है और आत्मविश्वास मे बढोत्तरी महसूस कर रहे है।

## शिक्षा सहित अन्य विषयो मे प्रतिस्पर्धा से प्रतिभाये आगे आती है..

भव्य कार्यक्रम मे पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कहा की यह आयोजन हमारे प्रतिभाशाली विधार्थीयो के उत्क्रष्ट प्रदर्शन को सम्मानित करने एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिये प्रोत्साहित करने का एक महत्तवपूर्ण अवसर है। क्षेत्र का सर्वागींण विकास किसी एक नेता या व्यक्ति के लिये संभव नही है। किंतू जब सामूहिक रूप से सभी सहभागीता करते है तो इस तरह के कार्यक्रम अपनी अमिट छाप छोड देते है। हम चाहते है की शिक्षा सहित खेलकूद आदि विषयो मे भी प्रतिस्पर्धा का माहौल निर्मित हो। जिससे प्रतिभाओ को आगे आने का अवसर मिल सके। हमने नयी पीढि के हिसाब से ही विभिन्न खेलो के लिये इंडोर स्टेडियम, स्वीमिंग पूल का निर्माण सहित अनेको सुविधाये प्रदान की है। आज बच्चो के कारण माता पिता को भी सम्मानित होने का अवसर उनके द्वारा दिये गये संस्कार व अनुशासन का पारितोषिक है।

## मेहनत को जूनून बना दिया जाये तो सफलता स्वंय रास्ता बना देती है..

नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे ने कहा आज हमारे क्षेत्र के मेधावी विद्वार्थीयो ने साबित कर दिया है की जब मेहनत को जूनून बना दिया जाये तो सफ्लता स्वंय रास्ता बना देती है। नगरीय व ग्रामीण स्कूलो के बच्चो ने जो परिक्षा परिणाम मे 85 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किये है। उन्हे देखकर प्रतित हो रहा है की हमारा क्षेत्र अब शिक्षा के विषय मे भी तेज गति से आगे बढ रहा है। आज नगर पालिका परिषद इन सभी बच्चो का सम्मान कर स्वंय को गौरावित महसूस कर रही है।

## सम्मानित होने वाले विद्वार्थीयो ने कहा हमारे लिये यह पल अविस्मरणीय है..

सम्मानित होने के बाद नरोडी के सुक्कुटोला स्कूल के मेधावी छात्रा हितेश्वरी राणा सहित अनेको विद्वार्थीयो ने अपनी प्रतिक्रिया मे कहा की उनकी सफ्लता मे जंहा शिक्षकगणो, माता पिता का सहयोग रहा है।

वही आज सम्मान कर आगामी लक्ष्य को हासिल करने मे गुडडा भैया व नपा परिषद ने आज पुन नये सिरे से मेहनत करने का हौसला प्रदान किया है। यह सम्मान आने वाले समय मे अन्य विद्वार्थीयो के लिये भी प्रेरणा का कार्य करेगा। आज जो प्रसन्नता महसूस हो रही है, वह सही मे अविस्मरणीय है।

## सफलता मे योगदान देने वाले शिक्षको का भी हुआ शाल श्रीफल से सम्मान..

कार्यक्रम मे पहले कक्षा दसवी पश्चात कक्षा बारहवी के विद्वार्थीयो को नगरीय व ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलो के हिसाब से मंच पर बुलवाया गया। जिसमे सबसे पहले प्रशस्ति पत्र पश्चात शिक्षकगणो का शाल श्रीफ्ल से सम्मान किया गया। साथ ही क्रमश उस स्कूल के सभी बच्चो को सामूहिक रूप से मंहगे उपहार प्रदान किये गये।

इन पलो मे जब विद्वार्थीयो ने मंच से ही अपने अपने माता पिता को बुलवाकर सम्मान समारोह का हिस्सा बनाया। तब वह पल एक पारिवारीक वातावरण की तरह नजर आने लगे। पुरे माहौल मे लगभग आठ सौ विद्वार्थीयो को अपने अपने हाथो मे लैपटाप बेग और स्मार्ट वाच लेकर खुशिया जाहिर करने के द्रश्यो ने पुरे माहौल को खुशिंयो का नया अंदाज बना दिया।

## कार्यक्रम को सफल बनाने मे इनका रहा योगदान..

नपा परिषद के कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से सफ्लता प्रदान करने मे पार्षदगणो मे सर्वश्री मदन धार्मिक, मोनू लिमजे, प्रवीण डोंगरे, धर्मू जोशी, पवन धूर्वे, श्रीमती रितू खरे, श्रीमती ललिता ठाकरे, नपा के मुख्य अधिकारी सूर्यप्रकाश उके, उपयंत्री सुमीत मोटवानी, वंशिका चैहान के साथ सहयोगी के रूप मे सर्वश्री बालू जैवार, विनय सुराना, अनिरूद्व दुबे, अमित येरपूडे, जसंवत पटले, मनोज दांदरे, मोनू लिमजे आदि का योगदान सराहनीय रूप से देखा गया।























# कनकी रेत घाट पर लोक सुनवाई सफलतापूर्वक सम्पन्न, पर्यावरणीय पहलुओं पर उठे सवाल..

## मॉयल कनकी ग्राम के विकास में पूर्ण सहयोग देगी-विवेक कुमार

## मॉयल विकास के वादे पूरा करें-दुर्गाप्रसाद







जगप्रेरणा बालाघाट।

जिले के कनकी रेत घाट पर प्रस्तावित रेत खनन परियोजना को लेकर आयोजित लोक सुनवाई सफ्लतापूर्वक सम्पन्न हो गई। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में परियोजना के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सुनवाई में लोगों ने जहां विकास और रोजगार की संभावनाओं का समर्थन किया, वहीं पर्यावरणीय प्रभावों को लेकर गंभीर चिंताएं भी व्यक्त कीं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोयल लिमिटेड द्वारा कनकी रेत खनन पट्टा क्षेत्र में लगभग 45013 टन प्रतिवर्ष उत्पादन क्षमता के साथ खनन प्रस्तावित है। इस परियोजना के लिए पर्यावरण प्रभाव आकलन (श्वद्ध) अधिसूचना 2006 के तहत आवश्यक प्रक्रिया अपनाई जा रही है। इसी के तहत आयोजित लोक सुनवाई में परियोजना से जुड़े सभी पहलुओं को सार्वजनिक रूप से प्रस्तुत किया गया। सुनवाई के दौरान कंपनी के प्रतिनिधियों ने बताया कि खनन कार्य पूरी तरह से नियमों के अनुरूप किया जाएगा तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी आवश्यक उपाय अपनाए जाएंगे।

उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि खनन कार्य से आसपास के जल स्रोतों, कृषि भूमि और वन क्षेत्र पर न्यूनतम प्रभाव पड़े, इसके लिए वैज्ञानिक पद्धतियों का उपयोग किया जाएगा।।

इस परियोजना का कुल क्षेत्रफ्ल लगभग 4.413 हेक्टेयर बताया गया है, जिसके कारण राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण, मध्य प्रदेश द्वारा इसका विस्तृत मूल्यांकन किया जाएगा। लोक सुनवाई में प्राप्त सुझावों और आपत्तियों को अंतिम रिपोर्ट में शामिल कर आगे की प्रक्रिया तय की जाएगी। इस कार्यक्रम में कनकी के युवा सरपंच दुर्गो प्रसाद ने कहा कि उनको मॉयल के कार्य से कोई आपति नहीं है, पर मॉयल प्रबंधन की भी जिम्मेदारी है कि वह जो विकास के वादे करती है उसको धरातल पर वास्तविक का रूप दे।और एक वर्ष में ग्राम विकास से जुड़े अनेक कार्यो को सम्पन्न कराए।उन्होंने कहा कि घाट पर मौजूद मंदिर के अधूरे कार्य को पूर्ण करने में सहयोग करने के साथ मुख्य मार्ग से रेत घाट तक मार्ग का डामरीकरण करवाये, कनकी ग्राम में कुछ विकास कार्य जो जरूरी है उसको पूर्ण करवाने में सहयोग करें।उन्होंने विकास कार्य से संबंधित एक ज्ञापन मॉयल अधिकारियों को दिया।

ग्रामीणों की तरफ से आये प्रस्ताव का जवाब देते हुए खान प्रबंधक विवेक कुमार ने कहा कि मॉयल कनकी क्षेत्र के लीज क्षेत्र में कार्य कर रही है अतः कनकी के विकास में हर तरह से नियम अनुसार वह अपना सहयोग प्रदान करने में कहीं भी पीछे नहीं रहेगी।आज जो प्रस्ताव ग्राम पंचायत की तरफ से मुझे दिए गए हैं उसको पूर्ण करने का पूरा प्रयास किया जाएगा।

नागपुर मुख्यालय को भी कनकी ग्राम के विकासनमुखी नजरिये से अवगत कर हर तरह से सहायता देने का हर प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में अनुविभागीय दंड अधिकारी कार्तिकेय अग्रवाल, मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुख्य अधिकारी के. पी. सोनी,सहायक महा प्रबंधक भू विज्ञान विनय राहंगडाले, मुख्य प्रबंधक भू विज्ञान देवनाथ मोहन्ता सहित,लालबर्रा क्षेत्र के तहसीलदार, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के विभिन्न अधिकारी, कनकी ग्राम के गणमान्य नागरिक इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर मौजूद थे। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि लोक सुनवाई का उद्देश्य ही आम जनता की राय लेना है, ताकि विकास कार्यों में पारदर्शिता बनी रहे और स्थानीय हितों की रक्षा हो सके। उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी बिंदुओं पर गंभीरता से विचार किया जाएगा।

कुल मिलाकर, कनकी रेत घाट की इस लोक सुनवाई में विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाने की आवश्यकता प्रमुख रूप से सामने आई। अब देखना होगा कि संबंधित प्राधिकरण इन सुझावों और आपत्तियों को किस तरह अंतिम निर्णय में शामिल करता है।इस कार्यक्रम में अनुविभागीय दंड अधिकारी कार्तिकेय अग्रवाल, मुख्य अधिकारी

# कटंगी में आस्था पर टिप्पणी, समाज में प्रतिक्रिया



जगप्रेरणा कटंगी।

***कटंगी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान दामोदर यादव द्वारा भगवान परशुराम के संबंध में की गई आपत्तिजनक टिप्पणी से समाज में नाराज़गी देखने को मिली है।***

अनेक नागरिकों ने इसे धार्मिक आस्था पर आघात बताते हुए संयमित और विधिसम्मत प्रतिक्रिया की आवश्यकता पर बल दिया है।

धार्मिक विद्वानों का कहना है कि परशुराम से जुड़ी पौराणिक कथा को शाब्दिक रूप में ÷हिंसा÷ कहना उचित नहीं, क्योंकि उसमें प्रतीकात्मक अर्थ निहित हैं– अनुशासन, तप और अंततः करुणा का संदेश। ऐसे प्रसंगों को संदर्भ से हटाकर प्रस्तुत करना भ्रम पैदा करता है।

समाज के विभिन्न वर्गों ने यह भी रेखांकित किया कि भारत की ज्ञान परंपरा–आर्यभट्ट, वराहमिहिर, चरक से लेकर सी. वी. रमन और श्रीनिवास रामानुजन तक–विश्व को महत्वपूर्ण योगदान देती रही है।

किसी भी समुदाय को सीमित दृष्टि से देखना इस विरासत का अपमान है।

नागरिकों ने प्रशासन से मामले का संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई की अपेक्षा जताई है, साथ ही सभी पक्षों से सामाजिक सौहार्द, संयम और आपसी सम्मान बनाए रखने की अपील की है।



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

रूपेश रावते भानेगांव

मो. 9826602705

जग प्रेरणा

# लांजी किरनापुर

● हिर्री ● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● बहेला ● रिसेवाड़ा ● कारंजा ● साडरा

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

### रेत का अवैध परिवहन मामला..

## मारपीट के आरोपी छोटू कालबेले का जुलूस निकालकर न्यायालय में किया पेश



जगप्रेरणा लांजी।

***सोन नदी से अवैध रेत निकासी और परिवहन के खिलाफ शिकायत करने पर हुए मारपीट मामले में फरार आरोपी विकास उर्फछोटू कालबेले को 30 अप्रैल 2026 को गिरफ्तार कर लिया गया।***

पुलिस ने आरोपी को जुलूस निकालकर नगर की गलियों में घुमाया और उसके बाद न्यायालय में पेश किया। घटना के संबंध में पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सोनेसराड निवासी नंदकिशोर पांचे (36 वर्ष) ने 7 अप्रैल 2026 को थाना लांजी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले उन्होंने बंटी कालबेले, छोटू कालबेले, राजा कालबेले को सोन नदी से अवैध रेत निकालकर उनकी कछार की जमीन से ट्रैक्टर भरकर ले जाने से रोका था। जब वे नहीं माने तो नंदकिशोर ने कलेक्टर बालाघाट, खनिज विभाग और एसडीएम किरनापुर को लिखित शिकायत की।

इसके बाद खनिज विभाग के अधिकारियों ने इनके ट्रैक्टर जब्त कर लिए। 7 अप्रैल शाम करीब 6:30 बजे सोन नदी के पुल पर नंदकिशोर अपने साथियों तेजू पंचाले, संदीप कावरे, रोहित पांचे और सुरेश पांचे के साथ खड़े थे। इसी दौरान लांजी तरफ से बंटी कालबेले, छोटू कालबेले, राजा कालबेले और नारायण मात्रे पहुंचे। उन्होंने नंदकिशोर पर ट्रैक्टर पकड़वाने का आरोप लगाते हुए माँ-बहन की अश्लील गालियां दीं। जब गालियां बंद करने को कहा तो आरोपियों ने सामूहिक रूप से मारपीट शुरू कर दी। बंटी कालबेले और राजा कालबेले ने बेल्ट से छोटू कालबेले ने ईंट के टुकड़े से नारायण मात्रे ने हाथ-मुक्कों से हमला किया। मारपीट से नंदकिशोर के सिर के पीछे, चेहरे और पीठ पर चोटें आईं। आरोपियों ने धमकी दी कि आगे शिकायत करने या ट्रैक्टर पकड़वाने पर जान से मार देंगे। छोटू कालबेले ने नंदकिशोर का मोबाइल तोड़कर नदी में फेंक दिया। गांव वालों ने बीच-बचाव कर नंदकिशोर को बचाया।

लांजी थाने में अपराध क्रमांक 106/26 के तहत आरोपीगण के विरुद्ध बीएनएस की धाराएं 296(बी), 115(2), 351(3), 3(5), 324(2) दर्ज की गई। विवेचना के दौरान फरियादी और गवाहों (तेजू पंचाले, सुरेश पांचे, संदीप कावरे, रोहित पांचे) के बयान दर्ज किए गए। घटना स्थल का मौका नक्शा तैयार किया गया। बाद में आरोपी विवेक कालबेले का नाम जोड़ा गया और धारा 119(1) बीएनएस बढ़ाई गई। आरोपी नरेंद्र उर्फ नारायण मात्रे (30 वर्ष, पौनी), विकास उर्फ छोटू कालबेले (30 वर्ष, कोसमारा) और राजा उर्फ निक्की कालबेले (33 वर्ष, लांजी) शुरू में फरार थे। पुलिस ने उनके विरुद्ध फरारी पंचनामा तैयार किया था।30 अप्रैल विकास उर्फछोटू कालबेले को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी को जुलूस निकालकर लांजी नगर की गलियों में घुमाया और न्यायालय में पेश किया। अन्य आरोपियों – बंटी कालबेले, राजा कालबेले और नारायण मात्रे – की तलाश जारी है।

यह मामला बालाघाट जिले में अवैध रेत खनन (सैंड माफिया) के खिलाफ शिकायत करने वालों पर हमले की घटनाओं को उजागर करता है। पुलिस ने आगे की विवेचना जारी रखी है और शेष फरार आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने का दावा किया है।

## आगजनी से 200 के वी डी टी आर व ट्रांसफार्मर जलने से विद्युत व्यवस्था प्रभावित, बड़ी दुर्घटना टली..







जगप्रेरणा लांजी।

***नगर के पुराना थाना परिसर के समीप सालेटेकरी मार्ग स्थित विद्युत विभाग के ट्रांसफॉर्मरों में गुरुवार सुबह अचानक भीषण आग लगने से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।***

आग इतनी तेजी से फैली कि उसने 200 केवी डीटीआर और 11 केवी ट्रांसफॉर्मर दोनों को अपनी चपेट में ले लिया। गनीमत रही कि समय रहते सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह करीब 7:30 बजे ट्रांसफॉर्मर से धुआं उठता देखा गया, जिसके बाद कुछ ही देर में आग की ऊंची लपटें उठने लगीं। ट्रांसफॉर्मर में हुए तेज धमाकों से आसपास के लोग दहशत में आ गए और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही नगर परिषद की फायर ब्रिगेड टीम तत्काल मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह नियंत्रण पाया। यदि समय रहते आग नहीं बुझाई जाती, तो पास में फैले तारों के जाल और अन्य संपत्तियों के कारण स्थिति और भी भयावह हो सकती थी। आग लगने की घटना के चलते सालेटेकरी मार्ग सहित आसपास के क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति तत्काल बंद कर दी गई।

भीषण गर्मी के बीच करीब साढ़े तीन घंटे तक बिजली गुल रहने से नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बाद में मरम्मत कार्य के पश्चात दोपहर करीब 11 बजे विद्युत आपूर्ति बहाल की गई। फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। प्रारंभिक आशंका शॉर्ट सर्किट या ट्रांसफॉर्मर पर अधिक लोड को लेकर जताई जा रही है। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने की बात कही है।घटना के दौरान ट्रांसफॉर्मर के पास लगी फुटकर दुकानों को नगर परिषद कर्मचारियों द्वारा तत्काल हटवा दिया गया। समय रहते यह कदम उठाए जाने से संभावित जनहानि टल गई, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें..
मो. 9329033433

## तेज गर्मी का कहर जारी.. गुरुवार को तापमान गिरने से मिली कुछ देर राहत



जगप्रेरणा लांजी।

***नगर में पिछले एक सप्ताह से जारी भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों से परेशान लोगों को शुक्रवार को कुछ राहत जरूर मिली, लेकिन यह राहत पूरी तरह सुकून देने वाली नहीं रही। सुबह से ही आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रहने से***

सूर्य की तीव्रता कम रही और अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। जहां बीते दिनों पारा 42 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ था, वहीं आज यह गिरकर करीब 38 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। हालांकि तापमान में आई इस गिरावट के बावजूद लोगों को उमस भरी गर्मी ने दिनभर परेशान किए रखा। हवा में नमी बढ़ने और हवाओं के ठहराव के कारण पसीना थमने का नाम नहीं ले रहा था। कूलर और पंखे भी उमस के आगे बेअसर नजर आए। राहगीरों और दुकानदारों का कहना था कि सीधी धूप से राहत जरूर मिली है, लेकिन उमस ने स्थिति को और अधिक असहज बना दिया। बीते कुछ दिनों के मौसम पर नजर डालें तो गुरुवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री, बुधवार को 44 डिग्री और उससे एक दिन पहले 42.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

लगातार बढ़ते तापमान के कारण दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता था और जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा था। शाम के समय हल्की ठंडी हवा चलने से मौसम कुछ खुशनुमा हुआ, जिससे बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर फिर से रौनक लौटती नजर आई। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले 24 घंटों में हल्की बूंदाबांदी की संभावना है, जिससे उमस से राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## जुगल किशोर श्रीवास्तव का निधन



जगप्रेरणा लांजी।

***नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी अशोक श्रीवास्तव जी के छोटे भाई, अंकित श्रीवास्तव के चाचा, जय श्रीवास्तव के पिताजी. ममता किराना स्टोर्स के संचालक वार्ड नंबर 8 निवासी जुगल किशोर प्रभुदयाल श्रीवास्तव***

जी का 60 वर्ष की उम्र में 30 अप्रैल को सुबह 9:30 बजे निधन हो गया। आप अपने पीछे एक पुत्र और एक पुत्री सहित नाती पोतों भरा पूरा परिवार छोड़ इस दुनिया से विदा हो गए। आपका अंतिम संस्कार आज 1 मई को स्थानीय कोटेश्वर मोक्ष धाम में प्रातः 9:30 बजे किया जाएगा। आपके निधन पर नाते रिश्तेदार, समाज, परिवार और नगर के गणमान्य लोगों ने शोक श्रद्धांजलि अर्पित कर परिवार को दुःख सहन करने की परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना किए हैं। बोल बम सेवा समिति द्वारा भी आपके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए भाव पूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की है।

KINETIC GREEN

पाईये पेट्रोल के भारी महंगे बोझ से मुक्ति, जुडिये ई बाईक और मोपेड से..




KINETIC GREEN

:: AUTHORIZED DEALER ::

BP E VEHICLES

Address : Ward No. 32, Near Arihant Gas Agency,Balaghat

Contact 8517852365, 7566752365

मान्यता ऑटो पार्ट्स



सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।

Hero BAJAJ HONDA TVS

मनीष वर्मा
मो. 9425448126

वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता



रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस

मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 9890696200





## थॉमस कप फाइनल्सः

# क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे से भिड़ेगा भारत..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***भारत थॉमस कप फाइनल्स के क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को चीनी ताइपे की मजबूत टीम से भिड़ेगा और इस मुकाबले को जीतकर अपने दूसरे खिताब की ओर बढ़ने की कोशिश करेगा। भारत ने चार साल पहले अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल करते हुए थॉमस कप का खिताब जीता था जो बैडमिंटन की विश्व टीम चैंपियनशिप है।***

इस बार भारत ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर रहकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचा है और उसका सामना चीनी ताइपे से होगा जिसने अब तक यह टूर्नामेंट नहीं जीता है। भारत ने अपने अभियान की शुरुआत जोरदार तरीके से करते हुए कनाडा को 4-1 से हराया। टीम ने इसके बाद ऑस्ट्रेलिया का 5-0 से शिकस्त दी लेकिन चीन को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद उसे 2-3 से हार का सामना करना पड़ा।

ग्रुप सी में शीर्ष पर रही चीनी ताइपे की टीम काफी मजबूत नजर आ रही है जिसकी अगुवाई दुनिया के नंबर छठे नंबर के एकल खिलाड़ी चोउ टिएन चेन कर रहे हैं। उनके साथ दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी और मौजूदा ऑल इंग्लैंड चैंपियन लिन चुन-यी और दुनिया के 21वें नंबर के खिलाड़ी ची यू जेन टीम की एकल चुनौती को बेहद मजबूत बनाते हैं।

मौजूदा समय के सबसे आक्रामक खिलाड़ियों में से एक चुन-यी ने पिछले महीने ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के फाइनल में लक्ष्य सेन को हराकर खिताब जीता था। टीम में 2025 ऑल इंग्लैंड के उपविजेता चिया हाओ ली भी शामिल हैं।

युगल में ताइपे के पास चिउ सियांग चीह और वांग ची-लिन की दुनिया की 14वें तथा ली झे-हुई और यांग पो-सुआन की दुनिया की नंबर 16वें नंबर की जोड़ी है। दूसरी ओर भारत की टीम काफी अच्छी लय में नजर आ रही है। उसके एकल और युगल दोनों ही खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप की अपनी बेहतरीन लय को यहां भी बरकरार रखा है। उस चैंपियनशिप में वह उपविजेता रहे थे।



यहां उन्होंने अपने तीनों मैच जीते हैं। भारत के दो अनुभवी खिलाड़ियों एचएस प्रणय और किदांबी श्रीकांत ने तीसरे एकल मुकाबले की जिम्मेदारी आपस में बांटी है। बुधवार को खेले गए मैच में श्रीकांत ने चीन के लू गुआंग झू के खिलाफपिछड़ने के बाद जबरदस्त वापसी करते हुए शानदार जीत दर्ज की। प्रणय ने 2022 में भारत की खिताबी जीत के दौरान भी ऐसी ही भूमिका निभाई थी।

ऑल इंग्लैंड के फाइनल में जगह बनाने वाले लक्ष्य सेन भले ही तीन गेम वाले दो रोमांचक मुकाबले हार गए हों लेकिन उन्होंने अपने प्रदर्शन से सबको प्रभावित किया है। अब जब उनका मुकाबला नाराओका से होगा तो भारत की जीत काफी हद तक उन्हीं पर निर्भर करेगी। वह जापान के इस प्रतिद्वंद्वी से छह बार हार चुके हैं।

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी ने अपने शुरुआती दो मैच जीते,लेकिन उसके बाद वे चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग से करीबी मुकाबले में हार गए। सात्विक के कंधे की चोट से उबरने के बाद यह उनका पहला टूर्नामेंट था और उम्मीद है कि यह करीबी मुकाबला उन्हें नॉकआउट चरण से पहले तैयारी में मदद करेगा।

हरिहरन अमसाकरुणन और एमआर अर्जुन की दूसरी युगल जोड़ी ने भी अब तक अपने तीन में से दो मैच जीते हैं और वे भारत को सेमीफाइनल तक पहुंचाने में मदद करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

भारत के पूर्व कोच विमल कुमार ने पीटीआई से कहा, 'चीनी ताइपे के खिलाफ हमारे पास अच्छा मौका है। इसका नतीजा दो एकल और एक पुरुष युगल पर निर्भर करेगा।' उन्होंने कहा, 'लक्ष्य ने पहले भी चोऊ को हराया है और उसे भारत को एक मजबूत शुरुआत देनी होगी। आयुष ने तीन जीत के साथ काफी स्थिर प्रदर्शन किया है इसलिए उसके पास निश्चित रूप से मौका है।

लिन चुन-यी कल डेनमार्क के नंबर दो खिलाड़ी मैग्नस (जोहानसेन) से हार ए थे।' विमल ने कहा, 'थॉमस कप का दबाव अलग होता है इसलिए अगर आयुष जीत हासिल कर लेता है और पुरुष युगल भी जीत जाते हैं तो जरूरत पड़ने पर प्रणय भी तीसरा एकल मैच जीत सकते हैं। इसलिए मैं इस मुकाबले में भारत को 60-40 के अनुपात में आंकूंगा।' वर्ष 2022 में खिताब जीतने के अलावा भारत ने 1952, 1955 और 1979 में कांस्य पदक भी जीते हैं। अन्य क्वार्टर फाइनल में चीन का सामना मलेशिया से होगा जबकि जापान और फ्रांस आमने-सामने होंगे।

थाईलैंड मेजबान डेनमार्क का सामना करेगा। चौदह बार का चैंपियन इंडोनेशिया बुधवार को ग्रुप डी में फ्रांस के हाथों 1-4 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गया।

# शुरूआती झटकों के बाद आयुष ने भारतीय उम्मीद जीवंत रखीं, थॉमस कप फाइनल में चीन 2-1 से आगे..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***आयुष शेट्टी ने जबरदस्त वापसी करते हुए भारत को शुरुआती झटकों के बाद बुधवार को यहां थॉमस कप फाइनल के ग्रुप ए मुकाबले में बनाए रखा जिसमें टीम चीन से 1-2 से पीछे चल रही है। लक्ष्य सेन और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी के करीबी मुकाबले में हारने के बाद भारत बैकफुट पर आ गया था जिससे चीन को 2-0 से बढ़त मिल गई थी।***

दबाव भरे हालात में आयुष ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए वेंग होंग यांग को दूसरे एकल में 17-21, 21-13, 21-15 से हराकर अंतर कम किया। वहीं बचे हुए मुकाबलों में हरिहरन अमसकरुनन और एमआर अर्जुन की युगल जोड़ी ही जी टिंग और रेन जियांग यू की जोड़ी से भिड़ेगी जबकि एच एस प्रणय का सामना लु गुआंग जू से होगा। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य को दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी ली शि फेंग से कड़ा संघर्ष करने के बावजूद तीन गेम तक चले मुकाबले में शिकस्त झेलनी पड़ी।

लक्ष्य ने पिछले महीने 'ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप' में ली को हराया था। वह बुधवार को निर्णायक गेम में उसी फॉर्म को दोहरा नहीं पाए और 19-21, 21-8, 12-21 से पराजित हो गए। भारत को सात्विक और चिराग की दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी से मुकाबले को बराबर करने की उम्मीद थी। लेकिन पांच मैच प्वाइंट बचाने के बावजूद यह जोड़ी मौकों को भुनाने में नाकाम रही और आखिरकार पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता लियांग वेई केंग और वांग चांग से 13-21, 21-13, 24-26 से हार गई। आयुष पहले गेम में 17-17 की बराबरी पर थे लेकिन इसके बाद वेंग आगे निकल गए और भारतीय खिलाड़ी के नेट पर शॉट लगाने से इसे जीतने में सफल रहे।



पर दूसरे गेम में भारतीय खिलाड़ी ने आक्रामक अंदाज में वापसी की। उन्होंने तेजी से 7-1 की बढ़त बनाई और लगातार स्मैश लगाते हुए इसे 14-7 तक पहुंचा दिया। उन्होंने एक जोरदार क्रॉस कोर्ट शॉट के साथ सात गेम प्वाइंट हासिल किए और नेट शॉट से गेम जीत लिया। अब निर्णायक गेम में आयुष 8-4 से आगे थे। उन्होंने बेहतर अंदाजा लगाया और पूरे कोर्ट को कवर करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। उन्होंने रैलियों को जारी रखने के लिए डाइव भी लगाई। पर वेंग ने वापसी करते हुए स्कोर 9-8 और फिर 10-10 तक पहुंचा दिया। लेकिन बैकलाइन पर लगाए गए एक बेहतरीन शॉट ने आयुष को ब्रेक तक बढ़त दिला दी। आयुष ने प्रतिद्वंद्वी को बखूबी समझते हुए 17-13 के स्कोर तक पहुंच गए और फिर बड़े ही शानदार अंदाज में मैच को अपने नाम कर लिया। उन्होंने शानदार रिटर्न के साथ पांच मैच प्वाइंट हासिल किए। आखिरकार वेंग का स्मैश कोर्ट से बाहर चला गया और

आयुष ने एक जबरदस्त वापसी करते हुए भारत की उम्मीदों को जीवंत रखा। लक्ष्य पहले गेम में 3-6 से पीछे चल रहे थे, उन्होंने क्रॉस कोर्ट स्लाइस और तेज स्मैश के बाद ली के शॉट के बाहर जाने से वापसी करते हुए स्कोर बराबर कर लिया। दोनों खिलाड़ियों के बीच जोरदार स्मैश लगे जिसके बाद ली ने 10-8 की बढ़त बना ली और ब्रेक तक बढ़त बनाए रखी।

ब्रेक के बाद लक्ष्य ने 14-13 से आगे निकल गए। लेकिन मुकाबला बेहद कड़ा हो गया और दोनों खिलाड़ी 19-19 पर बराबरी पर आ गए। इसके बाद ली ने लगातार दो निर्णायक अंक हासिल करते हुए पहला गेम जीत लिया। दूसरा गेम पूरी तरह से एकतरफा रहा। ली की तरफसे हुई कई गलतियों का फायदा उठाते हुए लक्ष्य तेजी से 5-0 और फिर 11-2 से आगे निकल गए। भारतीय खिलाड़ी ने लगातार दबाव बनाए रखा और मुकाबले को निर्णायक तीसरे गेम तक खींच ले गए। तीसरे गेम में लक्ष्य 1-4 से पिछड़ रहे थे लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए स्कोर 7-7 से बराबर कर लिया।


हालांकि ब्रेक के समय तक ली ने लक्ष्य की गलतियों से बढ़त बना ली थी। लक्ष्य ने 10-12 के स्कोर पर एक सटीक क्रॉस कोर्ट रिटर्न के साथ एक लंबी रैली जीतकर ली के लिए चुनौती पेश की। लेकिन उनके स्मैश में बार-बार हुई गलतियों ने ली को फिर से मैच पर नियंत्रण बनाने का मौका दे दिया। चीन के खिलाड़ी ने अपनी बढ़त को 17-12 तक बढ़ा दिया और जल्द ही आठ मैच प्वाइंट हासिल कर लिए। उन्होंने एक शानदार क्रॉस कोर्ट स्मैश लगाकर जीत दर्ज की।




# आशिकी फिल्म के हीरो को पड़े काम के लाले, पैसों की तंगी से जूझ रहा एक्टर, लोगों से मांगनी पड़ी मदद..

डेस्क जगप्रेरणा।

***अभिनेता राहुल रॉय ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपनी उपस्थिति को लेकर मची ऑनलाइन चर्चा पर प्रतिक्रिया देते हुए ट्रोलिंग का खंडन किया है और चल रहे कानूनी मामलों से जुड़ी आर्थिक तंगी का संकेत दिया है।***



1990 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'आशिकी' से प्रसिद्धि पाने वाले रॉय, एक कंटेंट क्रिएटर के साथ अपने वीडियो की एक सीरीज के वायरल होने के बाद चर्चा का विषय बन गए। कई सोशल मीडिया यूजर्स ने इसे अटपटा बताया। अपनी चुप्पी तोड़ते हुए, रॉय ने बुधवार देर रात अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट किया और इस चर्चा का जवाब दिया।

## क्या बोले राहुल रॉय?

मजाक उड़ाने वालों को जवाब देते हुए उन्होंने लिखा, 'मैं ईमानदारी और विनम्रता से अपना काम करता हूं। मुझे कुछ कानूनी मामलों का भुगतान करना है, और ये मामले आज के नहीं हैं, ये ब्रेन स्ट्रोक से पहले के हैं।' अभिनेता ने संकेत दिया कि सोशल मीडिया कोलैबोरेशन सहित उनका वर्तमान काम, उनकी वित्तीय जिम्मेदारियों को पूरा करने की आवश्यकता से जुड़ा है।

उन्होंने आगे कहा कि 'अगर आप मेरी सादगी का मजाक उड़ाते हैं या मेरे संघर्षों का उपहास करते हैं, तो यह मेरे बारे में कम और आपके बारे में ज्यादा बताता है। अगर आप सचमुच इतने चिंतित हैं, तो कृपया मुझे कोई वास्तविक और सम्मानजनक काम ढूंढने में मदद करें ताकि मैं इन खर्चों का भुगतान कर सकूं। कम से कम मैं मेहनत से कमा रहा हूं, दूसरों का मजाक उड़ाकर नहीं।'

## ब्रेन स्ट्रोक से जूझ चुके राहुल..

रॉय ने 2020 में ब्रेन स्ट्रोक से उबरने के बाद सक्रिय रहने के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने लिखा, 'और ब्रेन स्ट्रोक के बाद, मेरे लिए सक्रिय रहना जरूरी है। मैं जब तक जीवित रहूं, काम करना चाहता हूं। यह मेरे दिमाग को सक्रिय रखता है और मुझे उद्देश्य और जिम्मेदारी का एहसास दिलाता है कि मैं आज भी काम कर रहा हूं। हां, कभी-कभी थोड़ा दर्द हो सकता है, लेकिन आप मुझे तोड़ नहीं सकते।'

## अनुपम खेर ने भी दी प्रतिक्रिया..

पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए अनुपम खेर ने लिखा, 'आप सबसे बेहतरीन हैं।' सोनू सूद ने लिखा, 'रॉक करते रहो भाई।' फराह खान ने भी कमेंट किया कि 'राहुल को शुभकामनाएं।' अभिनेता को 29 नवंबर, 2020 को कारगिल से वापस लाए जाने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां कथित तौर पर खराब मौसम के कारण उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। बाद में वे ठीक हो गए, हालांकि इसमें समय लगा। महेश भट्ट द्वारा निर्देशित और अनु अग्रवाल के साथ 'आशिकी' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत करने वाले रॉय ने 1990 के दशक में 'जुनून' और 'फिर तेरी कहानी याद आई' सहित कई फिल्मों में काम किया। बाद में उन्होंने 2006 में रियलिटी शो बिग बॉस का पहला सीजन जीता।

# बॉक्स ऑफिस पर सफलता को रौंद बनीं स्टार, बिहार के विधायक रहे हीरोइन के पिता, फ्लॉप के बाद भी पैसों की होती है बारिश..

डेस्क जगप्रेरणा।

***बॉलीवुड हीरोइन नेहा शर्मा फिल्मी दुनिया में करीब 2 दशक से काम कर रही हैं। साल 2007 में रामचरण के साथ फिल्म 'चिरुथा' से डेब्यू करने वाली नेहा भले ही बॉक्स ऑफिस पर कोई खास सफल नहीं रहीं लेकिन इसके बाद भी सोशल मीडिया की क्वीन बन गई हैं।***

नेहा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स सब्सक्रिप्शन का मॉडल लगा दिया है जिससे पैसों की बारिश हो रही है। बिहार के भागलपुर से आने वाली नेहा के पिता अजीत शर्मा भी विधायक रह चुके हैं। हालांकि नेहा अपने सोशल मीडिया पर कंटेंट के सब्सक्रिप्शन को लेकर ट्रोल भी हो रही हैं।

## फ्लॉप हीरोइन के बाद भी रत्ती भर नहीं घटा स्टारडम..

नेहा शर्मा ने अपने करियर में 20 से ज्यादा फिल्में और सीरीज की है। बॉलीवुड में भी नेहा को कुछ ही फिल्में मिलीं जो बॉक्स ऑफिस पर हिट रहीं। साल 2020 में नेहा ने 'तान्हाजीः द अनसंग वॉरियर' में काम किया था जो बॉक्स् ऑफिस पर हिट रही थी। इसके बाद नेहा ने नेहा कक्कड़ के साथ एक म्यूजिक वीडियो भी दिया। साथ ही कुछ सीरीज में भी काम किया और बेड न्यूज नाम की फिल्म में भी नजर आईं। लेकिन बॉक्स ऑफिस पर बतौर हीरोइन उन्हें कोई खास सफलता नहीं मिली। इसके बाद भी नेहा की पॉपुलरिटी में रत्ती भर भी कमी नहीं आई है।



## सोशल मीडिया से पलटा गेम..

नेहा ने भी सोशल मीडिया पर अदाओं का ऐसा जादू चलाया कि फैन्स उनके दीवाने हो गए। इंस्टाग्राम पर नेहा को 19 मिलियन से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं। इतना ही नहीं बीते दिनों नेहा ने अपने कुछ चुनिंदा कंटेंट को सब्सक्रिप्शन मॉडल के तहत चालू कर दिया है। इसके जरिए नेहा के वीडियो और फोटोज देखने के लिए लोग 200 रुपयों से ज्यादा की मेंबरशिप भी ले रहे हैं। हालांकि इसको लेकर कुछ लोगों ने आलोचना भी की है और यहां तक कह दिया है कि फ्लॉप हीरोइन भी अपने कंटेंट के लिए पैसे चार्ज कर रही हैं। हालांकि नेहा ने अभी तक किसी भी ट्रोल को कोई जवाब नहीं दिया है। नेहा सोशल मीडिया पर काफी पॉपुलर हैं और अपने बोल्ड कंटेंट के लिए भी जानी जाती हैं। नेहा के हर पोस्ट पर फैन्स खूब प्यार लुटाते हैं।

# कपिल शर्मा के शो में आ रहे अतरंगी महमान, दोनों जेल जाते जाते बचे थे, प्रोमो में दिखी एपिसोड की झलक..

डेस्क जगप्रेरणा।

***नेटफ्लिक्स के पॉपुलर कॉमेडी शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो के नए एपिसोड में दो अतरंगी मेहमान आने वाले हैं। 2 मई को रिलीज होने वाले नए एपिसोड में स्टैंडअप कॉमेडियन समय रैना और पॉडकास्ट होस्ट रणबीर अल्लाहाबादिया कपिल शर्मा संग कॉमेडी की महफिल जमाते नजर आने वाले हैं।***

इसका प्रोमो भी सामने आया है जिसमें समय और रणबीर ने इसका खुलासा किया है।

## विवादों में घिरे रहे समय और रणबीर..

समय रैना ने बीते दिनों अपना एक शो रिलीज किया था जिसे लोगों ने खूब पसंद किया। यूट्यूब पर इस शो मिलियन्स व्यूज भी मिले। इस शो में समय ने अपने ओटीटी शो इंडिया गॉट लेटेंट के विवादों को लेकर खुलकर बात की थी। साथ ही ये भी बताया था कि कैसे रणबीर की एक गलती उन्हें बहुत भारी पड़ी थी। दरअसल लेटेंट शो में रणबीर ने एक कंटेस्टेंट से आपत्तिजनक सवाल पूछा था। जब इस शो का वीडियो सामने आया तो लोगों ने इसका विरोध किया और इसे आपत्तिजनक बताते हुए विवाद खड़ा कर दिया। इसके बाद समय और रणबीर के खिलाफ पुलिस ने शिकायतें दर्ज कीं और पूछताछ के लिए भी बुलाया। हालांकि टाइम के साथ ये मामला ठंडा हो गया और समय को वीडियोज भी यूट्यूब से डिलीट करने पड़े थे।



## अब कपिल शर्मा के शो में जमेगा रंग..

अब समय और रणबीर दोनों ही कपिल शर्मा के शो में नजर आने वाले हैं। यहां कपिल शर्मा और उनकी टीम हंसी के ठहाकों के लिए मंच तैयार करती है और यहां मेहमानों के साथ खूब मस्ती होती है। ये एपिसोड 2 मई 2026 को नेटफ्लिक्स पर प्रीमियर किया जाएगा। बता दें कि कपिल शर्मा का ये शो नेटफ्लिक्स पर खूब पसंद किया जाता है और एपिसोड आते ही ट्रेंड करने लगता है।

इस शो को भारत के बाहर रहने वाले भारतीय मूल के लोग भी खूब देखते हैं। अब कपिल के इस शो में समय रैना और रणबीर अल्लाहाबादिया नजर आने वाले हैं। इसके प्रोमो में इसकी झलक भी देखने को मिल रही है। नेटफ्लिक्स ने आज गुरुवार को इसका एक प्रोमो अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है।



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433





# डॉलर के मुकाबले रुपया चार पैसे मजबूत होकर 94.84 पर बंद



मुंबई, (भाषा)।

***रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले चार पैसे मजबूत होकर 94.84 पर बंद हुआ। वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और विदेशों में डॉलर के कमजोर होने के बीच रुपय में तेजी आई।***

हालांकि अमेरिका-ईरान वार्ता को लेकर अनिश्चितताओं ने रुपये की धारणा को प्रभावित किया और इसकी बढ़त पर अंकुश लगाया।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.01 प्रति डॉलर पर खुला और कारोबार के दौरान टूटकर 95.34 के अब तक के सबसे निचले स्तर तक पहुंच गया। बाद में इसमें सुधार हुआ और यह 94.84 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। यह पिछले बंद भाव से चार पैसे की मजबूती को दर्शाता है। रुपया बुधवार को 20 पैसे की गिरावट के साथ अब तक के सबसे निचले स्तर 94.88 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था, जो उस समय का रिकॉर्ड निचला स्तर था। इससे पहले 30 मार्च को भी रुपया कारोबार के दौरान 95.22 प्रति डॉलर के निचले स्तर तक पहुंचा था।

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, ÷तीन प्रमुख कारणों के संयुक्त प्रभाव से रुपये पर दबाव बना हुआ है। पहला, ब्रेंट क्रूड की कीमत 123 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचने से भारत के व्यापार और चालू खाता घाटे के बढ़ने की आशंका है। दूसरा, कृत्रिम मेधा (एआई) से जुड़े निवेश के बढ़ते आकर्षण के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की लगातार बिकवाली जारी है। तीसरा, अमेरिका में बढ़ती महंगाई के कारण वहां के 10 वर्षीय बॉन्ड प्रतिफल 4.4 प्रतिशत तक पहुंच गया है, जिससे पूंजी की निकासी को बढ़ावा मिल सकता है।÷

महाराष्ट्र दिवस और बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर शुक्रवार को विदेशीमुद्रा बाजार बंद रहेगा।

इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 98.47 पर आ गया। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव वायदा कारोबार में 1.65 प्रतिशत की गिरावट के साथ 116.08 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

घरेलू शेयर बाजार में भी गिरावट दर्ज की गई। बीएसई सेंसेक्स 582.86 अंक टूटकर 76,913.50 अंक पर बंद हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी 180.10 अंक की गिरावट के साथ 23,997.55 अंक पर आ गया।

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बाजार में बिकवाल रहे। उन्होंने बृहस्पतिवार को 8,047.86 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा, ÷महीने के अंत में आयातकों की डॉलर मांग और वैश्विक कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण रुपये में कमजोरी का रुख बना रह सकता है। कच्चे तेल की की बढ़ती कीमतों के कारण महंगाई को लेकर चिंताएं बढ़ी हैं। अमेरिका और ईरान के बीच वैश्विक तनाव तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली भी रुपये पर दबाव डाल सकती है।''

हालांकि, उन्होंने कहा कि निचले स्तरों पर भारतीय रिजर्व बैंक का हस्तक्षेप रुपये को सहारा दे सकता है। डॉलर के मुकाबले रुपये की हाजिर विनिमय दर 94.80 से 95.60 के दायरे में रहने का अनुमान है।

# विदेशों में दाम मजबूत होने से तेल-तिलहन कीमतों में सुधार



नई दिल्ली, (भाषा)।

***विदेशों में खाद्यतेलों के दाम मजबूत होने तथा देश में खाद्यतेलों के आयात शुल्क मूल्य में वृद्धि किये जाने की वजह से सभी खाद्य तेल-तिलहनों के दाम में मजबूती रही।***

सरसों, सोयाबीन एवं मूंगफली तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौल तेल के दाम में सुधार देखने को मिला। मलेशिया एक्सचेंज स्थिरता का रुख लिए बंद हो गया। शुक्रवार को मई दिवस की छुट्टी है और यहां अब सोमवार को बाजार खुलेगा। शिकागो एक्सचेंज में बुधवार रात 1.75 प्रतिशत का सुधार था और अभी भी यहां सुधार जारी है।

बाजार सूत्रों ने कहा कि बुधवार रात विदेशों में सोयाबीन डीगम तेल का दाम 22 डॉलर प्रति टन यानी दो रुपये किलो के हिसाब से मजबूत हुआ। लेकिन विदेशों की इस तेजी का देश के बाजारों पर मामूली असर देखने को मिला और डीगम तेल की कीमत में लगभग 50 पैसे किलो की बढ़त हुई।

उन्होंने कहा कि वैसे आज दाम में सुधार कहा जा सकता है लेकिन आयातित तेल जिस तरह लागत से 5-6 प्रतिशत नीचे दाम पर बिक रहे हैं, उसमें थोड़ी घट बढ़ को सुधार या गिरावट बताना उचित नहीं होगा। कुल मिलाकर स्थिति वहीं की वहीं बनी हुई है कि पैसों की तंगी का सामना कर रहे आयातक, आयातित तेल लागत से कभी अधिक नीचे तो कभी कम नीचे दाम पर बेच रहे हैं। इस स्थिति पर किसी की भी प्रतिक्रिया नहीं दिखती।

इस बीच सरकार ने आयात शुल्क मूल्य में वृद्धि की है। इसके तहत सीपीओ का आयात शुल्क मूल्य 44 रुपये क्विंटल, पामोलीन का 94 रुपये क्विंटल और सोयाबीन डीगम का आयात शुल्क मूल्य मात्र 5 रुपये क्विंटल बढ़ाया गया है।

सूत्रों ने कहा कि स्थानीय स्तर पर सोयाबीन डीओसी की अच्छी मांग है। सरकार के पास या फिर किसानों के पास इसका स्टॉक है। विदेशी तेलों की तेजी के असर से सरसों, मूंगफली जैसे अन्य तेल तिलहनों पर असर आया। बाजार में बिनौले की उपलब्धता कम होती जा रही है।

तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहेः

सरसों तिलहन - 6,950-6,975 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली - 6,650-7,125 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 15,750 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली रिफाइंड तेल - 2,500-2,800 रुपये प्रति टिन।

सरसों तेल दादरी- 14,150 रुपये प्रति क्विंटल।

सरसों पक्की घानी- 2,370-2,470 रुपये प्रति टिन।

सरसों कच्ची घानी- 2,370-2,515 रुपये प्रति टिन।

सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 15,900 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 15,750 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 12,450 रुपये प्रति क्विंटल।

सीपीओ एक्स-कांडला- 13,600 रुपये प्रति क्विंटल।

बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 14,850 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 15,350 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन एक्स- कांडला- 14,200 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल।

सोयाबीन दाना - 6,400-6,450 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन लूज- 6,050-6,125 रुपये प्रति क्विंटल।

# सरकार ने वोडाफोन आइडिया की एजीआर देनदारी 27 प्रतिशत घटाकर 64,046 करोड़ रुपये की..



नई दिल्ली, (भाषा)।

***सरकार ने कर्ज में डूबी दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया को राहत देते हुए उसकी समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) देनदारी करीब 27 प्रतिशत घटाकर 64,046 करोड़ रुपये कर दी है। इसके साथ बकाया भुगतान पर पांच वर्ष की मोहलत भी दी गई है।***

कंपनी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, ÷दूरसंचार विभाग ने 30 अप्रैल, 2026 के अपने संचार में सूचित किया है कि इस उद्देश्य के लिए गठित समिति ने 31 दिसंबर 2025 तक एजीआर बकाये को 64,046 करोड़ रुपये पर अंतिम रूप दे दिया है।÷

इससे पहले दूरसंचार विभाग ने 31 दिसंबर, 2025 तक एजीआर देनदारी 87,695 करोड़ रुपये तय की थी। हालांकि इस देनदारी को बाद में पुनर्मूल्यांकन के अधीन रखा गया था।

नियामकीय सूचना के मुताबिक, वोडाफोन आइडिया को अंतिम बकाया राशि 10 वर्षों की अवधि में दो चरणों में चुकानी होगी।

इसके तहत वित्त वर्ष 2031-32 से 2034-35 तक चार वर्षों में हर साल न्यूनतम 100 करोड़ रुपये का भुगतान करना होगा। शेष राशि वित्त वर्ष 2035-36 से 2040-41 के दौरान छह समान वार्षिक किस्तों में देनी होगी, जो प्रति वर्ष लगभग 10,608 करोड़ रुपये होगी।

इसके अलावा, कंपनी को वित्त वर्ष 2018 और 2019 से संबंधित एजीआर बकाये के लिए मार्च 2026 से मार्च 2031 तक हर साल 124 करोड़ रुपये का अलग से भुगतान करना होगा। यह इस पुनर्मूल्यांकन का हिस्सा नहीं है।

एजीआर दूरसंचार कंपनियों की वह समायोजित आय है जिसके आधार पर उन्हें सरकार को लाइसेंस शुल्क और स्पेक्ट्रम उपयोग शुल्क का भुगतान करना होता है। इसकी बकाया देनदारी को लेकर वोडाफोन आइडिया की सरकार के साथ लंबे समय से चर्चा चल रही थी।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 31 दिसंबर, 2025 को वोडाफोन आइडिया के एजीआर बकाये को स्थिर करते हुए पांच वर्ष की मोहलत देने का निर्णय लिया था। यह कदम उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद उठाया गया था जिसमें सरकार को अतिरिक्त एजीआर मांग पर पुनर्विचार करने और बकाये का समग्र पुनर्मूल्यांकन करने की अनुमति दी गई थी।

सरकार के इस राहत पैकेज का उद्देश्य क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बनाए रखना, केंद्र के बकाये की व्यवस्थित वसूली सुनिश्चित करना और कंपनी में लगभग 48.9 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले सरकारी हितों के साथ करीब 20 करोड़ उपभोक्ताओं के हितों की भी रक्षा करना है।

भारी कर्ज, कड़ी प्रतिस्पर्धा और बढ़ते एजीआर बकाये के कारण वोडाफोन आइडिया लंबे समय से भारी वित्तीय दबाव से गुजर रही है।

कंपनी को वित्त वर्ष 2025-26 के पहले नौ महीनों में 17,418 करोड़ रुपये का घाटा हुआ, जबकि उसकी कुल देनदारी 2.09 लाख करोड़ रुपये रही।

हालांकि, ग्राहक आधार में गिरावट का सामना कर रही कंपनी के ग्राहकों की संख्या हाल के महीनों में सुधरी है। दूरसंचार विनियामक ट्राई के आंकड़ों के मुताबिक, मार्च में कंपनी ने एक लाख से अधिक नए मोबाइल ग्राहक जोड़े हैं।

# टाटा पावर और केप्पेल ने टाटा रियल्टी के साथ कूलिंग सेवा समाधान के लिए की साझेदारी..




नई दिल्ली, (भाषा)।

***टाटा पावर और केप्पेल लि. ने बृहस्पतिवार को टाटा रियल्टी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लि. के साथ एक समूह के जरिये साझेदारी की घोषणा की। इस साझेदारी के तहत चेन्नई के***

इंटेलियन पार्क में बड़े पैमाने पर कूलिंग-एज-ए-सर्विस (सीएएएस) समाधान उपलब्ध करायी जाएगी। कूलिंग-एज-ए-सर्विस (सीएएएस) एक अभिनव, सेवा-आधारित व्यावसायिक मॉडल है, जहां ग्राहक कूलिंग उपकरण (जैसे एसी) खरीदने के बजाय केवल उपयोग की गई कूलिंग सेवा (ठंडी हवा या पानी) के लिए भुगतान करते हैं।

आधिकारिक बयान के अनुसार, टाटा पावर ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड (टाटा पावर की पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई) ने केप्पेल की बुनिदायी ढांचा इकाई के साथ मिलकर इन्फोपार्क प्रॉपर्टीज लिमिटेड (टाटा रियल्टी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की इकाई) के साथ साझेदारी की है।

चेन्नई के तारामणि आईटी गलियारे में स्थित इंटेलियन पार्क 25.27 एकड़ में फैला है जिसमें विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) और गैर-एसईजेड दोनों शामिल हैं।

कंपनी के अनुसार, कुल 12,100 टीआर (टन ऑफ रेफ्रिजरेशन) क्षमता वाली इस परियोजना के अक्टूबर 2026 में शुरू होने की उम्मीद है। यह 15 साल के अनुबंध के तहत संचालित होगी। उच्च दक्षता वाले उपकरणों, स्मार्ट नियंत्रण और बेहतर संचालन से इस समाधान से ऊर्जा खपत में लगभग 20 प्रतिशत की कमी आएगी। इंटेलियन पार्क पहले से ही टाटा पावर कंपनी लि. से हरित ऊर्जा प्राप्त करता है तथा सीएएएस के जुड़ने से इसका कम कार्बन ऊर्जा परिवेश और मजबूत होगा।

टाटा पावर कंपनी लिमिटेड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक प्रवीर सिन्हा ने कहा कि भारत का वाणिज्यिक रियल एस्टेट क्षेत्र तेजी से बढ़ती कूलिंग जरूरतों के कारण ऊर्जा मांग का बड़ा स्रोत बन रहा है जो 'इंडिया कूलिंग एक्शन प्लान' के अनुरूप है। केप्पेल के बुनियादी ढांचा इकाई की सीईओ सिंडी लिम ने कहा कि कूलिंग अब केवल एक सुविधा नहीं रह गई है, बल्कि यह इमारतों और व्यावसायिक परिसंपत्तियों के डिजाइन, संचालन तथा कार्बन मुक्त बनने के लक्ष्य का अहम हिस्सा बन गया है।

# सोना 2,000 रुपये उछलकर 1.54 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर, चांदी फिसली



नई दिल्ली, (भाषा)।

***राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 2,000 रुपये चढ़कर 1.54 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गयी। इस तेजी का कारण वैश्विक बाजारों में मजबूत रुझान और कमजोर डॉलर है।***

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत में 2,000 रुपये यानी 1.31 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और यह 1,54,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर मिलाकर) पर पहुंच गया। पिछले सत्र में यह 1,52,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में कमोडिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (शोध) सौमिल गांधी ने कहा, ''सोने की कीमतों में एक महीने के निचले स्तर से सुधार आया है। बृहस्पतिवार को इसमें मामूली बढ़त देखने को मिली, क्योंकि कमजोर डॉलर और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में नरमी से इसे समर्थन मिला।''

उन्होंने कहा कि डॉलर और बॉन्ड प्रतिफल में आई नरमी ने हाल की कमजोरी के बाद कीमतों को स्थिर करने में मदद की, जबकि प्रमुख समर्थन स्तरों के पास हुई लिवाली ने भी इस सुधार में योगदान दिया।

सर्राफा संघ के अनुसार, हालांकि, चांदी की कीमत में 1,800 रुपये यानी लगभग एक प्रतिशत की गिरावट आई। इसकी कीमत घटकर 2,42,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रही जो बुधवार को 2,44,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोने की कीमत में 91.80 डॉलर यानी 2.02 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और यह 4,635.52 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया, जबकि चांदी की कीमत 3.31 प्रतिशत बढ़कर 73.69 डॉलर प्रति औंस हो गई।

वायदा बाजार में डॉलर सूचकांक 0.27 प्रतिशत गिरकर 98.69 रहा, जिससे अन्य मुद्राओं के धारकों के लिए सर्राफा (सोना-चांदी) खरीदना अधिक आकर्षक हो गया।

# रिलायंस रिटेल ने प्रियंका चोपड़ा के ब्रांड 'एनॉमली' का अधिग्रहण किया




मुंबई, (भाषा)।

***रिलायंस रिटेल ने बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस के स्वामित्व वाले बालों की देखभाल से जुड़े वैश्विक ब्रांड 'एनॉमली' का अधिग्रहण कर लिया है। रिलायंस रिटेल ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।***

हालांकि इस सौदे की राशि का खुलासा नहीं किया गया है। कंपनी ने बताया कि उसने 'एनॉमली' के ट्रेडमार्क और डिजिटल परिसंपत्तियों का अधिग्रहण किया है और अब इसे अपने ओमनीचैनल रिटेल नेटवर्क तथा सौंदर्य उत्पाद बेचने वाले ऑनलाइन मंच 'टिरा' के जरिए विस्तार देने की योजना है।

रिलायंस रिटेल ने बयान में कहा, ÷यह अधिग्रहण हमारे तेजी से बढ़ते सौंदर्य कारोबार का महत्वपूर्ण विस्तार है और यह भारत और दुनिया में तेजी से बढ़ने वाले उपभोक्ता ब्रांड बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।÷

वर्ष 2021 में प्रियंका चोपड़ा द्वारा स्थापित 'एनॉमली' उच्च गुणवत्ता वाला बालों की देखभाल से जुड़ा ब्रांड है।

कंपनी ने कहा कि इस अधिग्रहण के बाद ब्रांड की बौद्धिक संपदा और डिजिटल व्यवस्था पूरी तरह रिलायंस रिटेल के पास आ गई है, जिससे इसे अपने व्यापक खुदरा नेटवर्क के जरिए तेजी से विस्तार दिया जा सकेगा।

रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड (आरआरवीएल) की कार्यकारी निदेशक ईशा अंबानी ने कहा, ÷एनॉमली को अपने पोर्टफोलियो में शामिल करना हमारे नए दौर के तेजी से बढ़ते सौंदर्य ब्रांडों के समूह का विस्तार करने की एक रणनीतिक पहल है।÷

उन्होंने कहा, ÷हम प्रियंका चोपड़ा के साथ मिलकर इस ब्रांड को भारत में अपने 'ओमनीचैनल (ऑनलाइन और ऑफलाइन संयुक्त)' क्षमताओं और गहरी उपभोक्ता समझ के जरिए विस्तार देने में बड़ी संभावनाएं देखते हैं, साथ ही इसके अंतरराष्ट्रीय विस्तार को भी आगे बढ़ाते रहेंगे।÷

प्रियंका चोपड़ा ने कहा कि वह इस ब्रांड के विकास में क्रिएटिव डायरेक्टर के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रहेंगी और नवाचार, ब्रांड विजन तथा उत्पाद विकास को आगे बढ़ाती रहेंगी।

उन्होंने कहा, ''मैं खासतौर पर ईशा अंबानी के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हूं। क्रिएटिव डायरेक्टर के रूप में मैं ब्रांड के विकास में सक्रिय रूप से जुड़ी रहूंगी।''



जग प्रेरणा
देश विदेश
● म.प्र. ● महाराष्ट्र ● छ.ग. ● उड़ीसा ● राजस्थान ● गुजरात ● दिल्ली ● हरियाणा ● पंजाब ● जम्मू कश्मीर

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क –
9329033433

# जबलपुर के बरगी बांध में क्रूज पलटने से चार लोगों की मौत,10 लापता..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले में अचानक आई आंधी के कारण 29 लोगों को लेकर जा रहा एक क्रूज बरगी बांध में पलट गया, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई जबकि 15 अन्य को बचा लिया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।***

बरगी शहर के पुलिस अधीक्षक (सीएसपी) अंजुल मिश्रा ने बताया कि बरगी बांध में क्रूज के लिए कुल 29 टिकट जारी किए गए थे। इस दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई, 15 को सुरक्षित बचा लिया गया है जबकि 10 लोग अब भी लापता हैं। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। बरगी बांध का निर्माण जबलपुर जिले में नर्मदा नदी पर किया गया है।

मिश्रा ने बताया कि लापता लोगों की तलाश में अभियान युद्ध स्तर पर जारी है। उन्होंने कहा कि जबलपुर के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक, एसडीआरएफऔर अन्य बचाव दल घटनास्थल पर मौजूद हैं और राहत एवं बचाव अभियान जारी है।

यादव ने कहा कि आज भीषण तूफान के कारण जबलपुर के बरगी बांध पर हुई दर्दनाक क्रूज दुर्घटना के बाद स्थानीय प्रशासन और बचाव दल अपना अभियान जारी रखे हुए हैं। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह,

पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, संभागीय एसीएस, एडीजी और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को बचाव अभियान की निगरानी के लिए घटनास्थल पर पहुंचने का निर्देश दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि त्वरित बचाव अभियान के माध्यम से 15 नागरिकों को सुरक्षित बचा लिया गया। उन्होंने कहा कि लापता लोगों का जल्द से जल्द पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में राज्य सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ प्रभावित परिवारों के साथ है और हर संभव सहायता सुनिश्चित कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा, 'मृतकों के परिजनों को राज्य शासन की ओर से चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं।' मध्यप्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता उमंग सिंघार ने कहा कि जबलपुर के बरगी बांध में क्रूज दुर्घटना की खबर बेहद दुखद और दिल दहला देने वाली है। उन्होंने इस दुर्घटना में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

उन्होंने प्रशासन से बचाव कार्यों में तेजी लाने और घायलों को हर संभव उपचार प्रदान करने का अनुरोध किया। सिंघार ने मांग की कि राज्य सरकार तुरंत मृतकों के परिवारों को पर्याप्त मुआवजा और हर संभव सहायता प्रदान करे।

# कोलकाता में तृणमूल नेताओं ने ईवीएम स्ट्रांगरूम के बाहर धरना दिया..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा तृणमूल कांग्रेस के नेताओं, कार्यकर्ताओं और मतदान एजेंट से ईवीएम स्ट्रांगरूम की चौबीसों घंटे निगरानी करने की अपील किए जाने के बाद पार्टी उम्मीदवार कुणाल घोष और शशि पांजा ने बृहस्पतिवार को खुदीराम अनुशीलन केंद्र में अनियमित गतिविधियों का आरोप लगाते हुए वहां धरना दिया।***

यह प्रदर्शन पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के एक दिन बाद हुआ। मतदान के बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) खुदीराम अनुशीलन केंद्र में बनाए गए स्ट्रांगरूम में रखी गई हैं। हालांकि, निर्वाचन आयोग ने केंद्र में मतदान सामग्री में छेड़छाड़ से संबंधित आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि सभी प्रक्रियाओं का विधिवत पालन किया गया और स्ट्रांगरूम सुरक्षित हैं।

इस बीच, ममता बृहस्पतिवार को भवानीपुर के स्ट्रांगरूम पहुंचीं और ईवीएम में छेड़छाड़ और धांधली का आरोप लगाया। तृणमूल नेताओं ने प्रक्रियागत खामियों का आरोप लगाते हुए दावा किया कि स्ट्रांगरूम के बाहर तैनात पार्टी कार्यकर्ताओं को दोपहर में वहां से चले जाने के लिए कहा गया और बाद में उन्हें यह जानकारी मिली कि स्ट्रांगरूम शाम चार बजे फ्रि से खोला जाएगा। घोष ने कहा, 'पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक अपराह्न 3:30 बजे तक स्ट्रांगरूम के बाहर मौजूद थे।

अचानक एक ईमेल आया, जिसमें बताया गया कि स्ट्रांगरूम शाम चार बजे फिर से खोला जाएगा। हमने अपने कार्यकर्ताओं से संपर्क किया और उन्होंने कहा कि वे जा चुके हैं। इसके बाद हम तुरंत वहां पहुंचे। अब हमें अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है। भाजपा कार्यकर्ताओं को बुलाया जा रहा है।' बेलेघाटा से तृणमूल उम्मीदवार घोष ने प्रक्रिया में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए दावा किया कि लाइव स्ट्रीमिंग में स्ट्रांगरूम के अंदर की गतिविधियां दिखाई दे रही थीं।

उन्होंने कहा, 'मतपत्र अंदर ले जाए जा रहे हैं। फिर भी मुख्य निर्वाचन अधिकारी कह रहे हैं कि कुछ नहीं हो रहा है। अगर डाक मतपत्रों से जुड़ी प्रक्रियाएं शुरू कर दी गई हैं, तो वे आए कहां से? अगर ईमेल भेजा गया था, तो हमें सूचित क्यों नहीं किया गया?' श्यामपुकुर से पार्टी प्रत्याशी पांजा ने भी प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा, 'स्ट्रांगरूम बेहद संवेदनशील होता है। अगर इसे खोला जाता है, तो सभी राजनीतिक दलों को सूचित किया जाना चाहिए। किसी को सूचित क्यों नहीं किया गया?' इससे पहले दिन में एक वीडियो संदेश में ममता ने पार्टी नेताओं, उम्मीदवारों और कार्यकर्ताओं से मतगणना के दौरान अत्यधिक सतर्क रहने और स्ट्रांगरूम की गतिविधियों पर करीबी नजर रखने का आग्रह किया था।

तृणमूल सुप्रीमो ने कहा था, ÷आपको मतगणना केंद्रों की निगरानी करनी होगी। जरूरत पड़ने पर मैं भी अपने क्षेत्र में निगरानी के लिए जाऊंगी। उम्मीदवारों को अपने केंद्रों की निगरानी खुद करनी होगी। सतर्क रहें। अगर मैं कर सकती हूं, तो आप भी कर सकते हैं। ईवीएम मशीन को ले जाते समय उन्हें बदलने की योजना है। इसे हल्के में न लें।÷

तृणमूल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में इस 'घटनाक्रम' को 'दिनदहाड़े लोकतंत्र की हत्या' बताया और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर चुनाव प्रक्रिया के दौरान मतपेटियों और ईवीएम के साथ छेड़छाड़ करने के लिए निर्वाचन आयोग के साथ मिलीभगत का आरोप लगाया।

पार्टी ने दावा किया कि सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है कि राजनीतिक दलों के अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति के बिना मतपेटियों को खोला जा रहा है और यह 'घोर चुनावी धोखाधड़ी' है। तृणमूल ने आरोप लगाया कि मतदाताओं को डराने-धमकाने, मतदाता सूची से उनके नाम हटाने और केंद्रीय बलों के दुरुपयोग जैसे प्रयास विफल रहे, जिसके कारण भाजपा को ईवीएम में छेड़छाड़ जैसे ÷हताशापूर्ण उपायों÷ का सहारा लेना पड़ रहा है।

पार्टी ने कहा, 'सीसीटीवी फुटेज से पता चला है कि भाजपा कैसे निर्वाचन आयोग के साथ सक्रिय मिलीभगत के जरिये राजनीतिक दलों के किसी भी अधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति के बिना मतपेटियों को खोल रही है। यह घोर चुनावी धोखाधड़ी है, जो निर्वाचन आयोग की पूरी जानकारी और संरक्षण में खुलेआम की जा रही है।' तृणमूल ने कहा, 'उन्होंने (भाजपा) हर तरह की गंदी चाल चली, नाम मिटाने की कोशिश की, मतदाताओं को डराया-धमकाया, केंद्रीय बलों का आतंक फैलाया, धन की बाढ़ ला दी, लेकिन बुरी तरह नाकाम रहे। अब हताशा में आकर वे ईवीएम के साथ छेड़छाड़ पर उतर आए हैं। लेकिन बंगाल महाराष्ट्र, दिल्ली या बिहार नहीं है। हम चुपचाप बैठकर उन्हें हमारे लोकतंत्र को लूटते हुए नहीं देखेंगे।' निर्वाचन आयोग ने केंद्र में मतदान सामग्री को अपने हिसाब से प्रबंधित करने से संबंधित आरोपों को खारिज कर दिया और कहा कि सभी प्रक्रियाओं का विधिवत पालन किया गया और स्ट्रांगरूम सुरक्षित हैं।

आयोग के एक अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'खुदीराम अनुशीलन केंद्र के अंदर विधानसभा क्षेत्रवार सात स्ट्रांगरूम हैं, जिनमें से सभी को मतदान पूरा होने के बाद उम्मीदवारों, उनके चुनाव एजेंट और सामान्य पर्यवेक्षक की उपस्थिति में बंद कर दिया गया है और सील कर दिया गया है।' उन्होंने कहा कि अंतिम स्ट्रांगरूम को बृहस्पतिवार तड़के करीब 5:15 बजे सील कर दिया गया। अधिकारी ने अनियमितता के आरोपों को खारिज करते हुए कहा, 'सभी स्ट्रांगरूम को सुरक्षित रूप से सील कर दिया गया है।'

निर्वाचन आयोग ने कहा कि उसी परिसर के भीतर एक अलग स्ट्रांगरूम डाक मतपत्रों के लिए निर्धारित किया गया है, जहां विधानसभा क्षेत्रों के हिसाब से मतपत्रों को संग्रहीत किया गया है, जिनमें इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रेषित डाक मतपत्र प्रणाली (ईटीबीपीएस) के माध्यम से प्राप्त मतपत्र भी शामिल हैं। आयोग ने कहा, 'हमने सभी पर्यवेक्षकों और निर्वाचन अधिकारियों (आरओ) को सूचित कर दिया था और आरओ से अनुरोध किया था कि वे उम्मीदवारों और उनके प्रतिनिधियों को तदनुसार सूचित करें। आरओ ने भी ईमेल के माध्यम से राजनीतिक दलों को सूचित कर दिया था।'

कथित वीडियो में दिखाई देने वाली गतिविधि के बारे में निर्वाचन आयोग के अधिकारी ने स्पष्ट किया कि 'निर्धारित प्रक्रिया के हिस्से के रूप में शाम चार बजे से स्ट्रांगरूम के बाहर गलियारे में मतपत्रों को अलग करने का काम किया जा रहा था।' उन्होंने कहा कि सभी स्ट्रांगरूम को सुरक्षित रूप से सील कर दिया गया है और पांजा, घोष तथा भाजपा के एक प्रतिनिधि सहित विभिन्न प्रतिनिधियों को सभी व्यवस्थाएं दिखाई गईं।

आयोग ने इस बात पर जोर दिया कि सभी प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन किया गया है। उसने जनता से आग्रह किया कि वह सोशल मीडिया पर प्रसारित अपुष्ट सामग्री से गुमराह न हो। देर शाम को तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के कार्यकर्ता खुदीराम अनुशीलन केंद्र के बाहर जमा हो गए और 'जय बांग्ला' तथा 'जय श्री राम' के नारे लगाने लगे। कुछ ही देर बाद, पुलिस की एक बड़ी टुकड़ी मौके पर पहुंची और भीड़ को तितर-बितर कर दिया। उधर, बनर्जी भवानीपुर के स्ट्रांगरूम पहुंचीं और ईवीएम में छेड़छाड़ और धांधली का आरोप लगाया।

ममता दक्षिण कोलकाता के सखावत मेमोरियल स्कूल पहुंचीं, जो भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र का मतगणना केंद्र है और जहां 29 अप्रैल को हुए मतदान की ईवीएम को सहेजने के लिए स्ट्रांगरूम बनाया गया है। मुख्यमंत्री शहर में हो रही मूसलाधार बारिश की परवाह किए बिना शाम को स्ट्रांगरूम स्थल पर पहुंचीं और अंतिम समाचार प्राप्त होने तक वह अंदर ही रुकी हुई थीं।

# तेज आंधी के कारण दीवार और पेड़ गिरने की अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में बृहस्पतिवार शाम आई तेज धूल भरी आंधी के बाद अलग-अलग घटनाओं में दो बच्चों सहित तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि***

सादाबाद थाना क्षेत्र के बिलारा गांव में तेज आंधी के दौरान एक निर्माणाधीन इमरत की दीवार ढह गई, जिससे आठ वर्षीय एक लड़की और 12 वर्षीय एक लड़के की दबकर मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, दोनों बच्चे तेज हवाओं से बचने के लिए दीवार के पास खड़े थे कि तभी दीवार अचानक उन पर गिर गई। स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर बच्चों को मलबे से बाहर निकाला और उन्हें सादाबाद के एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि मुरसान थाना क्षेत्र के बरधवारी गांव में एक पेड़ गिरने से 52 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान खजान सिंह के रूप में हुई है।

पुलिस ने बताया कि सिंह बकरियां चराकर घर लौट रहा था कि तभी अचानक आए तूफान के कारण उसने एक पेड़ के नीचे शरण ली। पुलिस के मुताबिक, पेड़ के गिरने से वह नीचे फंस गया। पुलिस ने बताया कि सिंह को मुरसान स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

**व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..**

*बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।*

**दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें..**

मो. 9329033433

# चरित्र पर संदेह को लेकर पति ने पत्नी की पीटकर हत्या की, आरोपी गिरफ्तार..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***उत्तर पूर्वी दिल्ली के सोनिया विहार इलाके में चरित्र पर संदेह को लेकर विवाद में 26 वर्षीय महिला की उसके पति ने कथित तौर पर पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।***

पुलिस ने बताया कि आरोपी घटना के बाद फरार हो गया था, जिसे बाद में पकड़ लिया गया। मृतका की पहचान सोनिया विहार निवासी पूनम के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, बुधवार शाम को पीसीआर को एक महिला के बेहोश पड़े होने की सूचना मिली थी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और महिला को गंभीर हालत में पाया। उसे तत्काल जग प्रवेश चंद्र (जेपीसी) अस्पताल ले जाया गया,

जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, 'शुरुआती जांच में पाया गया कि महिला के सिर में गंभीर चोटें आई थीं। भारतीय न्याय संहिता की प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है।' प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि आरोपी पति रूपक ने झगड़े के दौरान अपनी पत्नी पर हमला किया। सूत्रों ने बताया कि आरोपी ने महिला की बेरहमी से पिटाई की और उसका सिर दीवार पर दे मारा

और फिर उसे फर्श पर पटक दिया, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। पुलिस ने बताया कि दंपति की शादी को करीब पांच साल हो चुके थे और वे अपने तीन साल के बच्चे के साथ रहते थे। वे करीब एक साल पहले ही सोनिया विहार इलाके में रहने आए थे। सूत्रों ने बताया कि दंपति के बीच अक्सर विवाद होता था, जिनका कारण पति की शराब की लत और पत्नी के चरित्र पर उसका संदेह था।




# झांसी में आईपीएल पर सट्टेबाजी के आरोप में दो गिरफ्तार..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैचों के दौरान कथित तौर पर ऑनलाइन सट्टेबाजी गिरोह चलाने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है और उनके मोबाइल फोन पर आठ करोड़ रुपये से अधिक के डिजिटल लेनदेन का पता चला है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।***

पुलिस अधीक्षक (नगर) प्रीति सिंह ने बताया कि एक सूचना पर कार्रवाई करते हुए, सीपरी बाजार पुलिस थाने की एक टीम ने महेंद्रपुरी कॉलोनी में एक घर पर छापा मारा और अंशुमन (40) और अभिषेक पाठक (31) को गिरफ्तार किया। उन्होंने कहा, 'आरोपी परिसर से सट्टेबाजी गिरोह का संचालन कर रहे थे और आईपीएल मैचों के विभिन्न पहलुओं जैसे विकेट, रन और ओवर पर दांव लगा रहे थे।' पुलिस ने कहा कि उनके पास से बरामद किए गए चार मोबाइल फोन में 8.05 करोड़ रुपये से अधिक के डिजिटल सिक्कों से जुड़े ऑनलाइन लेनदेन दिखाया गया है, साथ ही 5,000 रुपये से अधिक की नकदी भी जब्त की गई है। सिंह ने कहा कि पुलिस ने आरोपियों से जुड़े नौ बैंक खातों में मौजूद लगभग 1.80 लाख रुपये भी जब्त कर लिए हैं।

पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान, दोनों ने खुलासा किया कि वे पठोरिया निवासी रवि कुशवाह नाम के एक व्यक्ति के साथ मिलकर काम कर रहे थे, जिसे मुख्य दलाल माना जाता है और फिलहाल वह फरार है। उन्होंने बताया कि कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और मुख्य आरोपी का पता लगाने के प्रयास जारी हैं।

# दिल्ली के द्वारका में दिल दहला देने वाली घटना, नहाने गए 3 मासूम गोल्फ कोर्स तालाब में डूबे..



डेस्क जगप्रेरणा।

***दिल्ली के द्वारका इलाके के सेक्टर-24 गोल्फकोर्स में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसा सामने आया जहां तालाब में डूबने से तीन मासूम बच्चों की मौत हो गई।***

घटना की सूचना सुबह 7 बजे **PCR** कॉल के जरिए पुलिस को मिली, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। साथ ही फायर ब्रिगेड समेत अन्य एजेंसियों को भी मौके पर बुलाया गया। राहत एवं बचाव अभियान चलाकर तीनों बच्चों को तालाब से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

## 8 से 10 साल के बीच है तीनों की उम्र..

मृत बच्चों की उम्र करीब 8 से 10 वर्ष के बीच बताई जा रही है। मौके से बच्चों के कपड़े तालाब के बाहर मिले हैं जिससे आशंका जताई जा रही है कि वे नहाने के लिए तालाब में उतरे थे और हादसे का शिकार हो गए। फिलहाल बच्चों की पहचान की जा रही है। अभी तक किसी भी बच्चे के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। फिलहाल, पुलिस ने तीनों शवों को नजदीकी अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और आसपास के इलाकों में बच्चों की पहचान करने के प्रयास जारी हैं।

## नहाने का खेल बना जानलेवा..

मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है ताकि घटना की पूरी सच्चाई सामने आ सके। गर्मियों के मौसम में अक्सर बच्चे बिना निगरानी के पूल या तालाब में नहाने उतर जाते हैं। बच्चे न तो गहराई का सही अंदाजा लगा पाते हैं और न ही तैराकी कौशल रखते हैं, जिससे ऐसे दर्दनाक हादसे हो जाते हैं। ऐसे में सावधानी बेहद जरूरी हो जाती है।










दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
गणेश भदाड़े आमगांव
मो. 7745823591

# गौहत्या पर रोक के लिए एक देश एक कानून बनाएं



## शहर में गौ सम्मान रैली निकली..
## तहसीलदार को दिया मांगों का ज्ञापन..

**जगप्रेरणा देवरी।**

***भारतीय संस्कृति को बचाए रखने और गाय की रक्षा के लिए देशभर में आव्हान के तहत गौहत्या एवं प्रतिबंध अभियान के तहत सोमवार (27 अप्रैल) को शहर में गौ सम्मान रैली निकाली गई।***

इस रैली के जरिए गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने और देश में सख्त गौहत्या प्रतिबंध कानून लागू करने की मांग की गई। इस दौरान शहरवासियों द्वारा हस्ताक्षरित मांगों का ज्ञापन तहसीलदार के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री को भेजा गया।

शहर के सुरभि चौक स्थित राम मंदिर से शुरू हुई यह गौ सम्मान रैली शहर के मुख्य मार्गों का भ्रमण करते हुए तहसील कार्यालय पहुंची। इस मौके पर गो सम्मान अभियान के तालुका संयोजक कोमल प्रसाद गौतम, विनोद अग्रवाल, नगराध्यक्ष संजू उइके, उपाध्यक्ष प्रज्ञा संगीडवार, नगरसेवीका पिंकी कटकवार, कृषी उत्पन्न बजार समिती के सभापती प्रमोद संगीडवार, छोटेलाल बिसेन, गोपाल तिवारी, एडवोकेट प्रशांत संगीडवार, राजकुमार साहू, बजरंग दल के संयोजक पवन शर्मा, प्रवीण दहीकर, रामगोपाल अग्रवाल, कमल अग्रवाल, पवन अग्रवाल, रामअवतार अग्रवाल, संतोष बहेकर, कुणाल कतरे, गोविंद अग्रवाल, दीपक साहू, शंकर माले, रहांगडाले, रचना उजवने, मौसमी नेताम के साथ-साथ बजरंग दल के सभी पदाधिकारी और शहर के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए प्रभावी उपाय करें - विधायक विजय रहांगडाले के निर्देश



**जगप्रेरणा तिरोड़ा।**

***तिरोड़ा शहर से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 753 पर, विशेषकर सुकड़ी नाका से विरसी तक, बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को लेकर प्रशासन सतर्क हो*** गया है। लगातार हो रही दुर्घटनाओं में कई नागरिकों की जान जाने की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए उपविभागीय पुलिस अधिकारी की पहल पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक तिरोड़ा-गोरेगांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक विजय रहांगडाले की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में यह सामने आया कि अदानी पावर प्लांट से प्रतिदिन 400 से अधिक कोयला और राख ले जाने वाले टिप्परों की आवाजाही के कारण दुर्घटनाओं में वृद्धि हो रही है। इस समस्या को देखते हुए कई अहम निर्णय लिए गए।

विधायक विजय रहांगडाले द्वारा पुलिस विभाग एवं अदानी के अधिकारियों को दिए गए प्रमुख निर्देश इस प्रकार हैं-अदानी से विरसी फाटा तक स्पीड कंट्रोल संकेतक बोर्ड लगाए जाएं। अदानी गेट क्रमांक 3 के सामने ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की जाए। ट्रिपल सीट वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई। 18 वर्ष से कम उम्र के वाहन चालकों पर कार्रवाई। हेलमेट पहनना अनिवार्य किया जाए। टिप्पर वाहनों में सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था। रैश ड्राइविंग पर नियंत्रण। ड्राइविंग लाइसेंस की सख्त जांच। इन सभी नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए परिवहन विभाग और पुलिस विभाग को विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए।

बैठक में उपविभागीय पुलिस अधिकारी साहिल झरकर, उपविभागीय अधिकारी पूजा गायकवाड, तिरोड़ा पुलिस निरीक्षक अमित वानखेडे, दवणीवाड़ा पुलिस निरीक्षक वैशाली ढाले, गंगाझरी पुलिस निरीक्षक सुधीर वर्मा, तहसीलदार नारायण ठाकरे, सार्वजनिक बांधकाम विभाग के उपविभागीय अभियंता संजय रुद्रकार, नगर परिषद अध्यक्ष अशोक असाटी, उपाध्यक्ष राजेश गुनेरिया, सदस्य संजय बैस, मुख्याधिकारी अमोल म्हाळ्कर सहित अदानी कंपनी के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सड़क सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन कराकर दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जाएगा।

## गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो। 9922607145

### अज्ञात ट्रक की चपेट मे आने से 2 मोटरसायकल सवार की मौत मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के डुग्गीपार पुलिस थाना अंतर्गत ऑक्सीडेंट मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 29/ 4/ 2026 के 12 बजे के दरम्यान कनेरी मे फर्यादी रूपचंद देवराम लांजेवार उम्र 35 वर्ष निवासी कोदामेडी का चचेरा भाई पितांबर लांजेवार अपने परिवार के साथ शादी समारोह से लौट रहा था। घर वापस आते समय अज्ञात ट्रक चालक ने अपना वाहन लापरवाहीसे चलाकर मोटरसायकल को ठोस मारी जिसमे चालक की पत्नी और बड़ा बेटा गंभीर जख्मी होने से दोनो की मौत हो गई। चालक जख्मी होने से फर्यादी के दिये शिकायत पर पोस्टे डुग्गीपार मे अपराध क्रमांक 220/2026 धारा 281,125, बी,106,1, भान्यास 2023 सहकलम 134, ए बी मोवाका के तहत अपराध दर्ज कर जाँच सपोनी शेख पोस्टे डुग्गीपार कर रहे है।

### अज्ञात युवक की रेल्वे से कटकर हुई मौत मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के गंगाझरी पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 28/ 4/ 2026 के रात 8 बजे के दरम्यान बरबसपुरा रेल्वे चौकी डाऊन लाईन पर के एम 1021/28-26 08 पर अज्ञात व्यक्ति उम्र अंदाजन 45 वर्ष की रेल्वे से कटकर मौत हुई है। फर्यादी दुर्गेश पितरू गोदेवार उम्र 32 वर्ष स्टेशन मास्टर गंगाझरी के लिखित मेमो पर पोस्टे गंगाझरी मे अकस्मात मौत क्रमांक 09/2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जाच पोहवा शामकुमार देशपांडे 743 पोस्टे गंगाझरी कर रहे है।

### तुने लकडीचोर क्यो बोला इस बात पर हुई मारपीट मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के देवरी पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 26/4/2026 के शाम 5 बजे के दरम्यान सुरतोली मे फर्यादी अशोक भुरेसिंग परीहार उम्र 59 वर्ष निवासी लोहारा अपने गाव के बस स्टँड पर बैठे थे। जहा राजकुमार बघेले आया तो फर्यादी ने कहा मेरे घर की लकड़ी तु आरोपी के यहा लगा रहा है। उसके बाद बघेले वहा से चला गया थोडी देर बाद आरोपी 1 से 3 वहा आ ये और कहा की तुने बघेले को क्या बोला हमको लकडीचोर क्यो बोला और लात घुसो से मारपीट की गाली गलौच कर आगे देख लेने की धमकी देने से दिये शिकायत पर आरोपी के खिलाफ पोस्टे देवरी मे अपराध क्रमांक 184/2026 धारा 118, 1, 351, 2, 352, 3, 5, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाच पोहवा पटेल 740 पोस्टे देवरी कर रहे है।

### कंटेनर से 32 बॉक्स चोरी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के डुग्गीपार पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 3/4/2026 के रात मे फर्यादी अरुण सुखनंदन सिंह उम्र 46 वर्ष निवासी नागपुर अपना कंटेनर क्रमांक एम एच 40 सिटी 6298 के चालक बबलू रघुवंशी नागपुर से कलकत्ता जाने के लिये निकला **NH** 53 रोड पर ठाकुर ढाबा सड़क अर्जुनी मे वह रुका और कटेंनर की जाँच की तो सिल टुटा हुवा था। अंदर खोलकर देखा तो करीब 32 बॉक्स किमत 43 हजार रुपये का माल किसी अज्ञात चोर ने चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे डुग्गीपार मे अपराध क्रमांक 221/2026 धारा 303,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा खोटेले 1408 पोस्टे डुग्गीवार कर रहे है।

# गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग

**तहसीलदार से चर्चा करते हुए विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारी**



**जगप्रेरणा आमगांव।**

***विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और सकल समाज की ओर से सोमवार, 27 अप्रैल को आमगांव के तहसीलदार के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन*** भेजा गया। ज्ञापन में गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने, गायों के वध पर पूर्ण प्रतिबंध, मवेशियों की तस्करी की रोकथाम, सभी गौशालाओं को सरकारी सब्सिडी और मवेशी संरक्षण के लिए सख्त कानूनों की मांग की गई। ज्ञापन देते समय अनिल जोशी, परसराम पटले, सुभाष आकरे, नरेंद्र बाजपेयी, बालाराम व्यास, घनश्याम अग्रवाल, गुनवंत बिसेन, अमित दुबे, सुनील अंबुले, मनोज सोमवंशी, आनंद शर्मा, गोकुल माहेश्वरी, अजय खेतान, मनीष शर्मा, जागेश रिनाइत, संजय लिलहारे, अनुज गुप्ता, रोशन बोडने, गड्डू टेभरे, ओमप्रकाश जोशी, गौरव पवार आदि उपस्थित थे।

# कुणबी समाज का सामूहिक विवाह समारोह आज..



**जगप्रेरणा आमगांव।**

***कुणबी समाज सेवा समिति के तत्वावधान में आगामी 1 मई को सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जाएगा।***

इसमें कुल 8 जोड़े विवाह बंधन में बंधेंगे। समाज की ओर से आयोजन की जोरदार तैयारियां अंतिम चरण में हैं। कार्यम की आयोजन की पूर्व तैयारियों को लेकर बुलाई गई बैठक में कुणबी समाज सेवा समिति के अध्यक्ष विजय शिवणकर ने बताया कि सामूहिक विवाह समारोह 1 मई को शाम 7.30 बजे बनगांव स्थित संत तुकाराम महाराज कुणबी समाज भवन में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष संजय बहेकार, टीकाराम मेंढे, राजकुमार फुंडे, राजेश शिवणकर, काशीराम हुकरे, शरद फुंडे, नरेंद्र बहेकार, नीतेश दोनोडे, पवन गायधने, रवींद्र येटरे, बाबूलाल दोनोडे, अभय देंगे, धनलाल मेंढे, जगदीश चुटे, गणेश हुकरे, सुनील ब्राम्हणकर, रामकिसन मुनेश्वर, विनोद तावाडे, राजेंद्र शेंडे, हेमंतराव कठाणे, टेकराज हेमणे और राजीव फुंडे उपस्थित थे।

बताया गया कि समाज के लोग इस आयोजन को उत्साह और अनुशासन के साथ सफल बनाने के लिए परिश्रम कर रहे हैं. सामाजिक प्रतिबद्धता के साथ कम खर्च में विवाह कराने के लिए चलाए जा रहे उपम की सर्वत्र सराहना की जा रही रही है. समिति ने समाज के अधिकाधिक लोगों से समारोह में उपस्थित होकर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देने की अपील की है।

# आर.टी.ई. की लंबित प्रतिपूर्ति राशि को लेकर शिक्षणाधिकारी को सौंपा गया ज्ञापन..



**जगप्रेरणा गोंदिया।**

***आर.टी.ई. फाउंडेशन, जिला गोंदिया की ओर से जिले की स्कूलों को आर.टी.ई (Right to Education) के अंतर्गत लंबित प्रतिपूर्ति राशि जल्द जारी करने की मांग को लेकर शिक्षणाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया।***

ज्ञापन में बताया गया कि जिले की कई निजी एवं गैर-अनुदानित स्कूलों को पिछले कुछ वर्षों से आर.टी.ई. के तहत मिलने वाली लगभग 60 करोड़ रुपये की प्रतिपूर्ति राशि अब तक प्राप्त नहीं हुई है। इससे स्कूलों की आर्थिक स्थिति पर गंभीर असर पड़ रहा है और शैक्षणिक गुणवत्ता बनाए रखने में कठिनाइयाँ आ रही हैं।

आर.टी.ई. फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष प्रो. आर. डी. कटरे के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षणाधिकारी से मुलाकात कर इस मुद्दे की गंभीरता से अवगत कराया। साथ ही शासन से आवश्यक निधि उपलब्ध कराकर जल्द से जल्द बकाया राशि जारी करने की मांग की।

इस दौरान प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने स्कूलों की समस्याओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया और विद्यार्थियों के हित में शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपेक्षा जताई। शिक्षणाधिकारी ने ज्ञापन स्वीकार करते हुए आश्वासन दिया कि इस विषय में उच्च स्तर पर शीघ्र ही पहल कर समाधान निकाला जाएगा।

ज्ञापन सौंपते समय प्रो. आर. डी. कटरे, सचिव सुनील आवले, वाय. टी. कटरे (पूर्व सभापति, कृषि उत्पन्न बाजार समिति तिरोड़ा एवं उपाध्यक्ष, आर.टी.ई. फाउंडेशन), प्रफुल भालेराव, हिमांशू बिसेन, संजय भास्कर, संजय हेमने, संतोष राऊत, प्रकाश पंचभाई एवं नरेश शहारे सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# देवरी में नाबालिग लड़की से रेप की कोशिश..

## पीओसीएसओ के तहत केस दर्ज, आरोपी 6 दिन से फरार..
## पुलिस अधिकारियों की टालमटोल, नागरिकों में गुस्सा..

**जगप्रेरणा देवरी।**

***गोंदिया जिले के देवरी में एक नाबालिग लड़की से रेप की कोशिश की चौंकाने वाली घटना सामने आई है, और इस मामले में POCSO के*** तहत केस दर्ज किया गया है। हालांकि, केस दर्ज होने के 6 दिन बाद भी आरोपी को पुलिस की हिरासत में नहीं लाए जाने से नागरिक पुलिस की कार्यप्रणाली पर कड़ी नाराजगी जता रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार, एक राजनीतिक पार्टी से जुड़े रिटायर्ड प्रिंसिपल काशीनाथ शहारे अपने ही घर में गर्ल्स हॉस्टल चलाते हैं। आरोपी ने उसी हॉस्टल में रहने वाली 15 साल की लड़की को अपनी पत्नी की साड़ी प्रेस करवाने के बहाने बुलाया। इस समय, आरोपी पर लड़की का हाथ पकड़ने और उसकी मर्जी के खिलाफ अपराध करने की कोशिश करने का आरोप है। बताया जा रहा है कि यह घटना 24 अप्रैल, 2026 को शाम 5 से 6 बजे के बीच हुई। पीड़ित लड़की की शिकायत के आधार पर देवरी पुलिस स्टेशन में आरोपी काशीनाथ शहारे के खिलाफ **POCSO** के तहत केस दर्ज किया गया है। जांच की जिम्मेदारी असिस्टेंट पुलिस इंस्पेक्टर मुकेश राठौड़ को सौंपी गई है।

इस बीच, कई सवाल उठ रहे हैं क्योंकि आरोपी इस गंभीर मामले में छह दिनों से फरार है। इलाके में चर्चा है कि आरोपी के राजनीतिक कनेक्शन के कारण पुलिस कार्रवाई में देरी कर रही है। साथ ही, यह भी सामने आया है कि स्थानीय पुलिस अधिकारी इस घटना के बारे में मीडिया को बताने से कतरा रहे हैं। इस पृष्ठभूमि में, नागरिकों में गुस्सा है। आरोपी को तुरंत गिरफ्तार करने और सख्त कार्रवाई करने की मांग की जा रही है। साथ ही, इस मामले की जांच सीनियर अधिकारियों की देखरेख में पारदर्शी तरीके से की जानी चाहिए। देवरी थानेदार प्रवीण डांगे ने बताया है कि जो कोई भी आरोपी के बारे में देवरी पुलिस स्टेशन को जानकारी देगा, उसकी जानकारी गोपनीय रखी जाएगी।

## कार्यालय नगर परिषद तिरोडा, जि. गोंदिया

नपति/साप्रवि/जन27/905 / 2026 दिनांक 30/04/2026

**।। जाहीर सूचना ।।**

मा. संयुक्त सचिव आणि मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी संचालनालय, महाराष्ट यांचे पत्रान्वये भारताची जनगणना 2027 ही दोन टप्यात आयोजीत करण्यात येणार आहे. पहिल्या टप्यात घरांची यादी आणि घरगणना करण्यात येणार आहे. तर दुस-या टप्यात लोकसंख्या गणना केली जाणार आहे. महाराष्ट राज्यामध्ये पहिल्या टप्यात घरांची यादी व घरगणनेचे क्षेत्रीय कार्य दि. 16 मे 2026 ते 14 जुन 2026 या कालावधीत पार पडणार आहे. तसेच प्रत्यक्ष क्षेत्रकार्यास प्रारभ होण्यापुर्वी दि. 1 मे 2026 ते दि. 15 मे 2026 या कालावधीत स्व गणनेचा पर्याय नागरिकांना उपलब्ध असणार आहे. या अंतर्गत नागरीकांना स्व गणना (Self-Enumeration- SE) करण्याची सुविधा https//se.census.gov.in या स्वतंत्र वेब पार्टलव्दारे उपलब्ध करून देण्यात येणार असून, सदर पोर्टल दि. 01 मे 2026 ते दि. 15 मे 2026 या कालावधीत नागरीकांसाठी खुले राहणार आहे. तरी तिरोडा शहरातील सर्वनागरीकांना आवाहन करण्यात येते की, जनगणना 2027 च्या अनुषंगाने पहिल्या टप्यात घर यादी आणि घरगणना करीता नियुक्त प्रगणक व पर्यवेक्षक यांना घरांच्या भेटी दरम्यान आवश्यक माहिती उपलब्ध करून ध्यावी व सहकार्य करावे, ही विनंती।

अमोल सु. माळकर. चार्ज अधिकारी तथा मुख्य अधिकारी जनगणना 2027 नगर परिषद तिरोडा

## हज यात्रा के लिए बेग दंपति देवरी से रवाना; हिंदू-मुस्लिम भाइयों ने दी भव्य विदाई..

**जगप्रेरणा देवरी।**

देवरी के सुप्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता तथा शिरपुर स्थित मिलन होटल के संचालक रफीक बेग और उनकी पत्नी जायदा बेगम 29 अप्रैल को पवित्र हज यात्रा के लिए रवाना हुए। उनकी इस यात्रा के लिए शुभकामनाएं देने हेतु देवरी के नागरिकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। विशेष बात यह है कि 6 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद देवरी से हज यात्रा पर जाने वाले बेग दंपति पहले यात्री बने हैं। उनके विदाई समारोह में हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के लोगों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर सामाजिक सद्भाव की मिसाल पेश की। पवित्र हज यात्रा हर मुस्लिम भाई के जीवन की एक महत्वपूर्ण इच्छा होती है। रफीक बेग अपने सामाजिक कार्यों के कारण क्षेत्र में काफी लोकप्रिय हैं। आज जब वे इस यात्रा के लिए रवाना हो रहे थे, तो पूरे देवरी शहर में उत्साह का माहौल था। उनके निवास स्थान से लेकर बस स्टैंड परिसर तक नागरिक उन्हें विदा करने के लिए जमा हुए थे।

### सर्वधर्म समभाव के दर्शन..

रफीक बेग और उनकी पत्नी जायदा बेगम के विदाई समारोह का मुख्य आकर्षण सभी धर्मों के लोगों की उपस्थिति रही। शिरपुर और देवरी क्षेत्र के उनके मित्र परिवार, व्यावसायिक सहयोगियों और हिंदू-मुस्लिम भाइयों ने पुष्पहार पहनाकर उनका स्वागत किया और उनकी यात्रा सुखद होने की प्रार्थना की।



**इस अवसर पर रफीक बेग ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा, 'इस पवित्र भूमि से जाते समय मैं सभी की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना करूँगा।'** इस दौरान कई गणमान्य व्यक्तियों ने रफीक बेग के सामाजिक योगदान का गौरव किया और उनके सुरक्षित सफर के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस हृदयस्पर्शी विदाई समारोह से देवरी में एक बार फिर जातीय सद्भाव और एकता का वातावरण दिखाई दिया।



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

जग प्रेरणा
# गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेंट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

## महाराष्ट्र राज्य के स्थापना दिवस पर आज 1 मई को पुलिस मुख्यालय कारंजा में होगा मुख्य समारोह..

### वस्त्र उद्योग मंत्री संजय सावकारे करेंगे ध्वजारोहण..




जगप्रेरणा गोंदिया।

*भारत देश में स्वतंत्रता प्राप्ति के उपरांत शनैः शनैः राज्यों का विभाजन कर विकास की नई रफ्तार तय की गई, जिसके अनुसार सन् 1960 में महाराष्ट्र की स्थापना की गई। इसी दिन गुजरात राज्य की भी स्थापना की गई थी, जिसके चलते आज 1 मई को प्रतिवर्ष महाराष्ट्र एवं गुजरात राज्य में*

राज्य का स्थापना दिवस समारोह धुमधाम से मनाया जाता है। महाराष्ट्र राज्य की स्थापना के उपरांत 1 मई 2026 को राज्य का 60 वां स्थापना दिवस पुरे राज्य में आज धुमधाम से मनाया जायेगा। गोंदिया जिले में भी राज्य के स्थापना दिवस पर प्रतिवर्षानुसार पुलिस मुख्यालय परेड ग्राऊंड में मुख्य समारोह आयोजित किया गया है। राज्य के वस्त्र उद्योग मंत्री संजय सावकारे के हाथों मुख्य शासकीय कार्यक्रम में ध्वजारोहण किया जाएगा। इस अवसर पर श्री सावकार का दौरा कार्यक्रम भी निर्धारित कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 30 अप्रैल 2026 को शाम 7:00 बजे वस्त्र उद्योग मंत्री संजय सवाकारे शासकीय वाहन से कोराडी, तहसील कामठी से गोंदिया के लिए प्रस्थान करते हुए रात 10:00 बजे गोंदिया स्थित शासकीय विश्रामगृह पहुंचे, जहां पर उन्होंने रात्रि विश्राम किया। आज दिनांक 1 मई को सुबह 7:30 बजे शासकीय विश्रामगृह से पुलिस मुख्यालय मैदान, कारंजा के लिए मंत्री श्री सावकारे प्रस्थान करेंग, और सुबह 8:00 बजे पुलिस मुख्यालय मैदान, कारंजा में राष्ट्रध्वज वंदन एवं पथसंचलन समारोह में उपस्थित रहेंगे तथा विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इसके पश्चात सुबह 10:00 बजे पुलिस मुख्यालय मैदान, कारंजा से शासकीय वाहन द्वारा भुसावल (जिला जळगांव) के लिए प्रस्थान करेंगे।

## गोंदिया शहर के 8 केन्द्रो में 03 मई रविवार को संपन्न होगी नीट परीक्षा-2026

### परीक्षा केंद्र क्षेत्र में लागू की गई धारा 163..



जगप्रेरणा गोंदिया।

*राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए), नई दिल्ली द्वारा आयोजित एनईईटी परीक्षा-2026 दिनांक 3 मई 2026 (रविवार) को दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए एक*

घंटे अतिरिक्त समय दिया जाएगा, यानी परीक्षा शाम 6:00 बजे तक चलेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह परीक्षा जिले के कुल कुल 8 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा केन्द्रों में 1. शासकीय पॉलिटेक्निक, फुलचूरटोला, गोरेगांव रोड, गोंदिया, 2. गुजराती नेशनल हाईस्कूल, रेलटोली, गोंदिया, 3. बी.एन. आदर्श सिंधी विद्यामंदिर, मुर्री रोड, गोंदिया, 4. एन.एम.डी. कॉलेज, रामनगर, कुड़वा, गोंदिया, 5. एस.एस. गर्ल्स कॉलेज, विठ्ठलनगर, अंसारी वार्ड, गोंदिया 6. एस.एस.ए. म्युनिसिपल गर्ल्स स्कूल, अंसारी वार्ड (एस.एस. गर्ल्स कॉलेज के सामने), गोंदिया 7. मनोहर म्युनिसिपल हाईस्कूल एवं जूनियर कॉलेज, अंसारी वार्ड, स्टेडियम के पास, गोंदिया तथा 8. मनोहर म्युनिसिपल हायर सेकेंडरी स्कूल, अंसारी वार्ड, स्टेडियम के पास, गोंदिया में संपन्न होगी।

### विद्यार्थीयो के लिये जारी किये गए दिशा निर्देश..

नीट परीक्षा संपन्न कराने हेतु परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लागू की गई है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी भैय्यासाहेब बेहेरे द्वारा आदेश जारी किया गया है कि परीक्षा के दौरान कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार के हथियार नहीं ला सकता। इसी प्रकार इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे - कैलकुलेटर, मोबाइल, लैपटॉप, पेजर, फैक्स मशीन, ज़ेरॉक्स मशीन आदि को भी साथ रखने या उपयोग करने पर प्रतिबंध रहेगा। यह आदेश 3 मई 2026 को दोपहर 1:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक लागू रहेगा। यह नियम परीक्षा कार्य में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा। आदेश का उल्लंघन करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## गोंदिया के विजय मोहबे का केदारनाथ में दुखद निधन..

### गोंदिया मे पार्थिव देह का आज होगा अंतिम संस्कार..



**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया शहर के सिविल लाईन काका चौक निवासी तथा पूर्व में एनएमडी कॉलेज में कार्यरत रहे विजय चंद्रप्रकाश मोहबे का 29 अप्रैल को सपरिवार हेलीकॉप्टर द्वारा केदारनाथ में दर्शन के उपरांत वापसी में ऋषिकेश के समीप ग्राम पहाटा में हृदयाघाट से दुखद निधन हो गया, जिसके चलते गोंदिया शहर में शोक की लहर व्याप्त हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री विजय चंद्रप्रकाश मोहबे अपने पुरे परिवार के साथ केदारनाथ दर्शन के लिये गए थे। केदारनाथ में दर्शन के उपरांत जब वे समीपस्थ ग्राम पहाटा पहुंचे, तो वहीं उन्हें अचानक पसीना आने के साथ सीने में दर्द हुआ, जिस पर समीपस्थ ही हॉस्पिटल में उन्हें भर्ती किया गया, लेकिन चंद मिनटों में ही उनकी सांसे उखड़ गई। स्व. विजय मोहबे 65 वर्ष के थे, तथा अपने पीछे एक पुत्र, एक पुत्री, पत्नी व भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। स्व. विजय मोहबे के दुखद निधन के उपरांत उनके पार्थिव देह को 30 अप्रैल को नई दिल्ली से विमान द्वारा रात्री में नागपुर लाया जा रहा है, तथा आज 1 मई दिन शुक्रवार को सुबह 9 बजे उनके सिविल लाईन काका चौक स्थित निवास से शोकाकुल माहौल में उनके पार्थिव देह की अंतिम यात्रा निकलेगी।

## भीषण गर्मी मे महाराष्ट्र का स्थापना दिवस समारोह शाम को आयोजित किया जाना चाहिये - छैलबिहारी अग्रवाल



**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के वरिष्ठ समाजसेवी छैलबिहारी अग्रवाल ने समय के अनुरुप अब महाराष्ट्र राज्य के स्थापना दिवस कार्यक्रम में बदलाव करने की राज्य सरकार से मांग की है।

छैलबिहारी अग्रवाल ने कहा कि प्रतिवर्ष राज्य का स्थापना दिवस धुमधाम से मनाया जाना चाहिये, लेकिन देखने में आ रहा है कि हर वर्ष भीषण गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है, जिसके कारण स्थापना दिवस समारोह सिर्फ औपचारिक अदायगी तक सिमित हो गया है, जबकि राज्य का स्थापना दिवस समारोह भव्य समारोह एवं लोक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न होना चाहिये, जो नहीं हो पा रहे हैं।

श्री अग्रवाल ने कहा कि 1 मई का दिन हर वर्ष भीषण गर्मी का दिन होता है, सुबह 6.30 बजे से ही सुरज आग उगलने लगता है, तथा कार्यक्रम शुरु होने तक सुबह 7.30 से 9 बजे के मध्य ऐसी धुप पड़ती है मानो दोपहर के 12 बज गए हों, इसलिये अब राज्य के स्थापना दिवस समारोह के कार्यक्रमों के समय एवं स्वरुप में परिवर्तन किया जाना चाहिये। श्री अग्रवाल ने सुझाव दिया कि राज्य के स्थापना दिवस पर लोक कला सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मुख्य शासकीय समारोह का आयोजन किसी भव्य लॉन में या सभागृह में आयोजित किया जाना चाहिये, तथा कार्यक्रम के लिये भव्य पंडाल एवं अन्य व्यवस्थाएं की जानी चाहिये, ताकि राज्य का स्थापना दिवस का कार्यक्रम कहीं से भी फीका ना लगे।

## आई.सी.एस.सी. बोर्ड कक्षा दसवी की परीक्षा मे प्रोग्रेसिव्ह इंटरनेशनल स्कूल के छात्र सार्थक गोपाल व्यास ने प्राप्त किया जिले में प्रथम स्थान..

### 97.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बढ़ाया परिवार व शिक्षा संस्थान का गौरव..

### प्रोग्रेसिव्ह इंटरनेशनल स्कूल का फिर एक बार रहा शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम..




जगप्रेरणा गोंदिया।

*गोंदिया एवं भंडारा जिले में श्रीमती उमाबाई बहुउद्देशिय शिक्षण संस्था, द्वारा संचालित दोनों जिलों की एकमात्र आई.सी.एस.सी. (नई दिल्ली) बोर्ड से संलिग्नत प्रोग्रेसिव्ह इंटरनॅशनल स्कूल ने इस वर्ष भी हर बार*

की तरह शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम अर्जित किया, वहीं विद्यालय के प्रतिभावन छात्र सार्थक गोपाल व्यास ने 97.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान पर कर शिक्षा संस्थान व परिवार का नाम गौरवान्वित किया है।

इसी प्रकार प्रोग्रेसिव्ह इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा कु. आर्या पी. देशपांडे ने 96.20 प्रतिशत तथा कु. वैष्णवी आर. ओकटे ने 94.60 प्रतिशत लेकर जिले में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी के साथ कु. संजना एस. राव ने 93.20 प्रतिशत, मा. केतन के. पारधी ने 93.20 प्रतिशत, मा. गुनीत एच. चौधरी ने 91.80 प्रतिशत, मा. अर्णव ए. कानतोडे ने 90.60 प्रतिशत, मा. पुणित एस. पारधी ने 89.60 प्रतिशत, कु. धनश्री एस. मेश्राम ने 88.20 प्रतिशत, यश एस. पटले ने 87.80 प्रतिशत, मा. अर्थव एस. डोये ने 87.40 प्रतिशत, मा. गणेश पी. कटकवार ने 87.20 प्रतिशत, मा. तन्मेय आर. शेंडे 86.60 ने प्रतिशत, मा. युवराज ए. तराले ने 86.00 प्रतिशत, कु. शरवरी ए. भुसारी ने 86.00 प्रतिशत, मा. शिवम आर. जगेकर ने 85.40 प्रतिशत, कु. केशाली ओ. ढाहाके ने 85.20 प्रतिशत, कु. मुस्कान एम. परतेती ने 82.00 प्रतिशत, मा. गुरनूर एम. भंगु ने 81.80 प्रतिशत, कु. मैथली ए. भुसारी ने 81.80 प्रतिशत, कु. आस्था आर. आर्या ने 81.40 प्रतिशत, कु. एंजल डी. रुसे ने 80.60 प्रतिशत लेकर प्रावीण्य सूची में अपना स्थान सुनिश्चित किया। विद्यार्थियों की इस सफलता पर संस्थाध्यक्ष डॉ. पंकज कटकवार, उपाध्यक्ष श्रीमती अल्का पंकज कटकवार संस्था सचिव डॉ. नीरज कटकवार, संचालिका श्रीमती लीना एन. कटकवार, प्राचार्या श्रीमती वाय. आशा राव, ओ.टी. रहांगडाले, विकास पटले ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उत्कृष्ठ प्रिक्षा परिणाम हेतु बधाई दी । वरिष्ठ शिक्षक सुनिल कटरे, एम. जी. पटले, भवना मटाले, सतीश बिसेन, राजेन्द्र अजिते, अजय चौहान, दिपाली कुंडलीकर, जयश्री खंगार, हेमा नायडू ने भी बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## विश्व अस्थमा दिवस पर गोंदिया के रेलटोली क्षेत्र में स्थित आयुष्य क्रिटिकल केयर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में निःशुल्क अस्थमा, एलर्जी जांच शिविर 5 मई को..

जगप्रेरणा गोंदिया।

*गोंदिया शहर में डॉ. जितेन्द्र गुप्ता द्वारा संचालित जिले के प्रसिद्ध आयुष्य क्रिटिकल केयर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में विश्व अस्थमा दिवस के अवसर पर विशेष निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं मार्गदर्शन शिविर का आयोजन 05 मई 2026 दिन मंगलवार को आयोजित किया*

गया है, जिसमें अस्थमा (दमा), एलर्जी सी.ओ.पी.डी. की जांच की जायेगी तथा आवश्यक परामर्श भी दिया जायेगा। डॉ. जितेन्द्र गुप्ता से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह शिविर 05 मई को सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक आयुष्य क्रिटिकल केयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रेलटोली, गोंदिया में आयोजित किया गया है। शिविर में अस्थमा (दमा), एलर्जी एवं सीओपीडी की जांच की जायेगी।

**शिविर में फेफडों की क्षमता की जांच (स्पाइरोमेट्री निःशुल्क) की जायेगी। इसी प्रकार इनहेलर के सही उपयोग की जानकारी, रोग के बारे में जागरूकता एवं परामर्श, सही उपचार और बचाव के उपाय**

### इन लक्षणो के मरीजो को करवानी चाहिये जांच..



डॉ. जितेन्द्र गुप्ता ने बताया कि बार-बार खांसी या सांस फूलना, छाती में जकड़न या घरघराहट, बार-बार सर्दी-जुकाम या एलर्जी, धूल, धुआं या प्रदूषण से परेशानी, धूम्रपान करने वाले या पहले कर चुके व्यक्ति, टीबी या निमोनिया के मरीज हों तो वे इस जांच शिविर का लाभ ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये मरीज फोनः 07182-252200 एवं मोबाइल नंबर 9764252200, एवं 9822086368 पर संपर्क कर सकते हैं। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को सांस से जुड़ी बीमारियों के प्रति जागरूक करना और समय पर सही जांच एवं उपचार उपलब्ध कराना है, ताकि लोग स्वस्थ जीवन जी सकें।













स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com